




# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 35 अंक 195 | कोरबा, मंगलवार, दिनांक 16 अप्रैल 2024 डाक 17 अप्रैल 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



**विविधा**
कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने लोकसभा चुनाव से पहले अलवर में रोड शो किया



**देश-विदेश**
सनातन धर्म, चुनावी बांड और ईडी की कार्रवाई... विपक्ष के आरोपों पर पीएम मोदी का जवाब



**फीचर पेज**
मैं भारत गोरी लड़की की भूमिकाएं करने नहीं रूढ़िवादिता तोड़ने आई हूं:नोरा फतेही




# आरजेडी ने बिहार को बर्बाद किया, लालटेन से मोबाइल की बैटरी चार्ज नहीं हो सकती: पीएम मोदी

**गया-पूर्णिया, 16 अप्रैल [एजेंसी]।**

प्रधानमंत्री ने कहा कि एक समय में पहले पुरातनपंथी कहते थे तो हमने चंद्रयान के जरिए इनकी सोच को गलत साबित कर दिया। पीएम मोदी ने संविधान बदलने के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि स्वयं बाबा साहब अंबेडकर भी इस संविधान को नहीं बदल सकते तो भाजपा इसकी हिम्मत कैसे कर सकती। इन्हें पता होना चाहिए कि यह जो संविधान सभा थी, देशरत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद उसका नेतृत्व करते थे। बाबा साहब का दिल, दिमाग और कलम इस संविधान को शब्दों में ढाल रहा था। देश के गणमान्य लोग विचार-विमर्श करते हुए भावनाओं को समझते हुए इसका निर्माण किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश को मजबूत फैसला लेने वाली सरकार की जरूरत है। उन्होंने गया से जीतन राम मांझी और औरंगाबाद से सुशील कुमार सिंह को जिताने की अपील की। उन्होंने मांझी को राजनीति का बड़ा दलित चेहरा बताया और सिंह को भाजपा का वरिष्ठ सांसद बताते हुए दोनों की जीत की अपील की। उन्होंने कहा कि लालटेन का राज रहता तो मोबाइल की बैट्री भी आज चार्ज नहीं होती। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभा में अपनी बातों की शुरुआत रामनवमी, राम मंदिर और नवरात्र से की। उन्होंने कहा- सूर्य की किरणें कल अयोध्या में रामलला के मस्तक का विशेष अभिषेक करेंगी। घमंडिया गठबंधन के लोगों को राम मंदिर से भी परेशानी है। जो भगवान राम के अस्तित्व पर सवाल उठाते थे, वह आज अजीब बातें कर रहे हैं। एक समुदाय के तुष्टीकरण के लिए राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकरा दिया। यह हमारे देश का संस्कार नहीं है। यह हमारे देश की परंपरा नहीं है। इस घमंडिया के एक नेता तो खुलेआम कहते है कि वह हिंदू धर्म की शक्ति का विनाश कर देंगे। आज नवरात्र का पावन पर्व है। इस शक्ति का विनाश कोई कर सकता है। इस शक्ति का विनाश सोचने वालों का क्या होगा। सनातन को डेंगू-मलेरिया कहना सनातन धर्म का अपमान है या नहीं। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और गया से एनडीए के प्रत्याशी जीतनराम मांझी ने मंच से संबोधित करते हुए कहा कि अंतःसलिला फल्गु नदी में सोन नदी से पानी लाकर सतत सलिला बना दिया जाए। भगवान बुद्ध व भगवान विष्णु की धरती पर विष्णु कॉरिडोर का निर्माण कराया जाए। इससे क्षेत्र का समेकित विकास होगा। गया अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा से कारगो सेवा शुरू की जाए।



पीएम नरेंद्र मोदी ने गया के गांधी मैदान में मंच पर पहुंचते ही सबसे पहले लोक जनशक्ति पार्टी (राष्ट्रीय) के प्रमुख व पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस और बक्सर से बेटिकट हुए भाजपा सांसद व केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे को बुलाकर बातचीत की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गया पहुंच गए हैं। गया के गांधी मैदान में उनकी सभा है। सभास्थल पर उनके पहुंचने से पहले सभा में पहुंचे हजारों भाजपा कार्यकर्ताओं ने भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने की मांग की। भाजपा कार्यकर्ता ने कहा कि पीएम ने धारा 370 हटाने सहित कई ऐसे ऐसे कार्य किए हैं, इसलिए वह कर सकते हैं। देश में हिंदू की संख्या बहुसंख्यक है, ऐसे में भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने की मांग भाजपा कार्यकर्ताओं ने की। प्रधानमंत्री गया एयरपोर्ट उतरने के बाद सड़क मार्ग से गांधी मैदान के लिए निकले।

## सुरक्षाबलों की कार्रवाई से नक्सली खेमे में खलबली, 26 नक्सलियों ने किया सरेंडर

**दंतेवाड़ा, 16 अप्रैल [एजेंसी]।**

सुरक्षाबलों की प्रखर कार्रवाई से नक्सली खेमे में हड़कंप मचा हुआ है। दंतेवाड़ा में एक या दो नहीं, बल्कि 26 नक्सलियों ने एक साथ सरेंडर किया, जिसे देखकर सुरक्षाबलों के भी होश फाख्ता हो गए। एक पल के लिए उन्हें लगा कि जैसे यह कोई चमत्कार हो रहा है, लेकिन यह कोई चमत्कार नहीं, बल्कि सच्चाई है। सरेंडर करने वाले नक्सलियों में एक इनामी नक्सली भी शामिल था। उस पर एक लाख रुपए का इनाम घोषित किया गया था। प्रतिबंधित माओवादी संगठन ने सुरक्षाबलों की कार्रवाई के विरोध में 15 अप्रैल को बंद का आह्वान किया था। नक्सलियों के बंद का कोई खास असर नहीं दिखा। सरेंडर करने वाले नक्सलियों के बारे में एसपी गौरव राय ने बताया कि यह सभी शरारती गतिविधियों में संलिप्त थे, जिसमें पोस्टर लगाना, बैनर लगाना, रसद एकत्रित करना, आगजनी करना, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाना, सरकारी कार्यों में बाधा पहुंचाना शामिल है।



छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त बनाने की दिशा में सुरक्षाबलों की प्रखर कार्रवाई का अंदाजा आप महज इसी से लगा सकते हैं कि अब तक इस अभियान के अंतर्गत 717 नक्सली सरेंडर कर चुके हैं, जिसमें 176 इनामी हैं। ये लोग कई विध्वंसक गतिविधियों में शामिल रहे हैं।

## श्रीनगर में बड़ा हादसा, झेलम नदी में नाव डूबने से छह लोगों की मौत, तीन बचाए गए



**कश्मीर, 16 अप्रैल [एजेंसी]।**

जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर की झेलम नदी में एक नाव पलट जाने से बड़ा हादसा हो गया। इस दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि अन्य तीन का उपचार चल रहा है। यह दर्दनाक हादसा श्रीनगर के गंडाबल-बटवारा इलाके में हुआ है। नाव में कुछ श्रमिक और स्कूली छात्र सवार थे। दुर्घटनास्थल के पास मौजूद पुलिस के एक दस्ते ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया। श्रीनगर स्थित एसएमएचएस अस्पताल के सुपरिनटेंडेट डॉ मुजफ्फर जरगर ने बताया कि अस्पताल में लाए गए सात लोगों में से चार की मृत्यु हो चुकी है। तीन अन्य उपचाराधीन हैं। वहीं नाव पलटने की घटना में जान गंवाने वालों की पहचान शब्बीर अहमद (26), 32 और 18 वर्षीय दो महिलाएं व गुलजार अहमद (41) के रूप में हुई, जिन्हें एसएमएचएस अस्पताल श्रीनगर में मृत घोषित कर दिया गया।अधिकारियों ने बताया कि घटना की खबर का पता चलते ही बचाव अभियान शुरू कर दिया गया और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल की टीम को घटनास्थल पर तैनात कर दिया गया। पिछले कुछ दिनों से लगातार बारिश के कारण झेलम सहित कई जल निकायों के जल स्तर में वृद्धि हुई है। जम्मू-कश्मीर में बारिश और बर्फबारी का दौर जारी है। यही कारण है कि नदियों का जलस्तर दिन प्रतिदिन बढ़ता नजर आ रहा है। पुंछ-राजौरी जिलों को कश्मीर से सीधा जोड़ने वाले मुगल रोड पर फिर हिमपात हुआ। जिसके चलते ट्रैफिक बंद कर दिया गया।वहीं, जम्मू-कश्मीर के हंदवाड़ा में भारी बारिश के कारण शहर में जलभराव हो गया है। जहां एक ओर ऊपरी इलाकों में बर्फबारी से लोग परेशान हैं, वहीं वहीं निचले इलाकों में बारिश का दौर जारी है।

### रिटायर आइएएस को एसीबी-ईओडब्ल्यू ने किया तलब, शराब घोटाले की होगी पूछताछ

**रायपुर।** तत्कालीन भूपेश सरकार में दो हजार करोड़ रुपये के कथित शराब घोटाले के मामले के आरोपित पूर्व आबकारी अधिकारी अरुणपति त्रिपाठी, होटल कारोबारी अनवर ढेबर, अरविंद सिंह से एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) व इकोनामिक आफेंस विंग (ईओडब्ल्यू) की टीम की पूछताछ में कई नाम सामने आए हैं, जिन्हें नोटिस जारी कर पूछताछ की तैयारी की जा रही है। इसमें आबकारी से जुड़े अधिकारी, कंपनियां और रिटायर आइएएस को पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा। जांच टीम ने इनसे पूछताछ के लिए लगभग 50 सवाल तैयार किए हैं। जिन लोगों से पूछताछ हो सकती है, उनमें जनार्दन कौरव, नीतू नोतानी, दिनकर वासनिक, नवीन प्रताप सिंह तोमर, इकबाल खान, विकास गोस्वामी, अशोक सिंह, अनिमेष नेताम, अरविंद पाटले, विजय शर्मा, रामकृष्ण मिश्रा, मंजुश्री कसेर, सौरभ बख्शी, नितिन खंडुजा, मोहित जायसवाल, रविश तिवारी, गरीबपाल दर्दी, नोहर सिंह ठाकुर, सोनल नेताम, प्रमोद नेताम, आशीष श्रीवास्तव समेत अन्य अधिकारी हैं।

## छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित इलाकों में एमआई17 हेलीकॉप्टर से रवाना हुआ मतदान दल



**बीजापुर, 16 अप्रैल [एजेंसी]।**

देश में 19 अप्रैल से पहले चुनावी चरण की शुरुआत होने जा रही है। जिसे लेकर लगभग सभी तैयारियां पूरी हो चुकी है। पक्ष और विपक्ष भी मैदान में कड़ी मेहनत करते हुए दिखाई दे रहे हैं। वहीं, लोकसभा चुनाव से पहले बीजापुर में मतदान दल हेलीकॉप्टर से नक्सल प्रभावित इलाकों के लिए रवाना हो रहे हैं। सुरक्षा को देखते हुए ये निर्णय लिया गया था। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीटों पर 19 अप्रैल, 26 अप्रैल और 7 मई को तीन चरणों में मतदान होगा। बस्तर एकमात्र सीट होगी जहां 19 अप्रैल को पहले चरण में मतदान होगा। वहीं, नारायणपुर में भी मतदान दलों को चॉपर के माध्यम से उनके संबंधित मतदान केंद्र पर भेजा जा रहा है। बीजापुर कलेक्टर अनुराग पांडे ने कहा कि पूरी योजना चुनाव आयोग के मार्गदर्शन और हमारे राज्य के चुनाव आयोग के अधिकारियों के निर्देश पर की गई है। हम मतदान से 3 दिन पहले टीमें भेजना शुरू कर देते हैं। आज से मतदान अधिकारी अलग-अलग क्षेत्रों के लिए रवाना होंगे। बीजापुर जिले के अधिकारी-कर्मचारी इसके लिए पूरी तरह से तैयार हैं और पिछले विधानसभा चुनाव और उससे पहले भी उन्होंने बहुत अच्छा काम किया है... सुरक्षा व्यवस्था समेत सभी इंतजाम किए गए हैं। बीजापुर के एसपी जीतेंद्र यादव ने कहा कि हम मतदान दल सीधे हेलीकॉप्टर के जरिए उन इलाकों में भेजते हैं जो खतरे वाले क्षेत्र हैं।

### ऑटो सवार 7 लोगों की दर्दनाक मौत, मेट्रो की क्रेन से टकराई गाड़ी

पटना। राजधानी पटना में बड़ा हादसा हो गया। जब मेट्रो की क्रेन से तेज रफ्तार ऑटो की टक्कर हो गई। जिसमें 7 लोगों की मौत हो गई। घटना न्यू बाइपास इलाके में रामलखन पथ पर हुई। मृतकों में बच्चे, महिलाएं भी शामिल हैं। सभी के शवों को पीएमसीएच भेजा गया है। ये दर्दनाक हादसा सीसीटीवी में कैद हो गया है। घटना के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। मदद के लिए राहगीर भी दौड़ पड़े। लेकिन हादसा इतना भयंकर था।

## ज्योतिरादित्य सिंधिया ने नामांकन भरने से पहले टेकरी सरकार मंदिर में ठेका मत्था, लिया आशीर्वाद



**गुना, 16 अप्रैल [एजेंसी]।**


गुना से भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार सुबह अपने नामांकन दौरे की शुरुआत की। सिंधिया सुबह-सुबह टेकरी सरकार के मंदिर पहुंचे जहां उन्होंने पूरे विधि-विधान के साथ पूजा कर भगवान हनुमान का आशीर्वाद लिया। इसके बाद सिंधिया, मुख्यमंत्री मोहन यादव, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा के साथ गुना से म्याना, बदरवास, लुकवासा और कोलारस होते हुए शिवपुरी पहुंचेंगे। शिवपुरी के झांसी चौक से कलेक्ट्रेट तक उनका एक रोड शो होगा, जिसके बाद वे नामांकन भरेंगे।

## ईरान की मिसाइलों को आईडीएफ ने हवा में यूं किया तबाह

**ईरान, 16 अप्रैल [एजेंसी]।**

कुछ दिनों पहले इजरायल ने ईरान पर मिसाइलों से हवाई हमले किए। इजरायल ने दावा किया कि ईरान की ओर से 170 ड्रोन, 30 से अधिक क्रूज मिसाइलें और 120 से अधिक बैलिस्टिक मिसाइलें दागी गई। हालांकि, उनमे से 99 प्रतिशत हमलों को रोक दिया गया था।

इजरायल डिफेंस फोर्स ने कुछ वीडियो अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किए हैं, जिसमें देखा जा सकता है इजरायल की ताकतवर डिफेंस सिस्टम की वजह से ईरान की ओर से दागे गई मिसाइलों को हवा में नष्ट किया जा रहा है। इजरायल का रक्षा कवच कहे जाने वाले आयरन डोम ने हवा में इन मिसाइलों को नष्ट किया है। हालांकि, कुछ मिसाइलों को एयर डोम ट्रेस नहीं कर सका, जो इजरायल के नेवातिम एयरबेस के आसपास टकरा गई।



आईडीएफ ने पोस्ट में लिखा,99 प्रतिशत अवरोधन दर इस तरह दिखती है। इजरायल के एयर डिफेंस ने अधिकांश ईरानी मिसाइलों और ड्रोन को एरो एरियल डिफेंस सिस्टम की मदद से इजरायली क्षेत्र में पहुंचने से पहले ही मार गिराया। आइए जानते हैं कि आखिर इजरायल की वो ताकत क्या है, जिसकी मदद से उसने एक बार फिर मध्य पूर्व के आसमान में अपनी बादशाहत कायम की है।

## मेरा नाम अरविंद केजरीवाल और मैं आतंकवादी नहीं... तिहाड़ जेल से दिल्ली सीएम ने भेजा भावुक मैसेज

**नईदिल्ली, 16 अप्रैल [एजेंसी]।**

आम आदमी पार्टी (आप) नेता और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ तिहाड़ जेल में आतंकियों जैसा व्यवहार किए जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने तिहाड़ जेल से मैसेज भेजा है। उन्होंने कहा है कि मेरा नाम अरविंद केजरीवाल है और मैं आतंकवादी नहीं हूं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सोमवार को दिए गए एक साक्षात्कार पर आम आदमी पार्टी ने सवाल उठाया है।



आप नेता संजय सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने देश की जनता को निराश किया है। भारत के सबसे बड़े घोटाले पर वह नहीं बोले हैं जिसमें इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से आठ हजार करोड़ से अधिक का भाजपा द्वारा घोटाला किया गया है।





स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक

चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार

डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )

डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


## झामुमो नेता के आवास सहित नौ ठिकानों पर ईडी की रेड जारी

**रांची, 16 अप्रैल [एजेंसी]।**

रांची के बहुचर्चित जमीन घोटाले में ईडी ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता अंतु तिर्की के बरियातू स्थित आवास के अलावा कुल नौ ठिकानों पर छापेमारी शुरू की है। अंतु तिर्की झामुमो के महानगर अध्यक्ष रहे हैं। वह जमीन के कारोबार से भी जुड़े हैं। बताया गया है कि ईडी की टीमों ने मंगलवार सुबह रांची के बरियातू, तुपुदाना, मोरहाबादी और पंडरा इलाके में जमीन कारोबार से जुड़े लोगों के ठिकानों पर एक साथ दबिश दी। सभी स्थानों पर भारी तादाद में सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। हाल ही में एजेंसी ने जमीन के फर्जी कागजात बनाने के मास्टरमाइंड मो. सद्दाम को गिरफ्तार किया था। उसे रिमांड पर लेकर चार दिनों तक पूछताछ की गई। उससे मिली सूचनाओं के आधार पर अब यह छापेमारी शुरू की गई है।

गौरतलब है कि जमीन घोटाले के मामले में ईडी ने 31 जनवरी को झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था। इसके पहले इस मामले में रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद सहित एक दर्जन से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। इनके ठिकानों से बरामद साक्ष्यों से खुलासा हुआ था कि फर्जी कागजात तैयार कर रांची में सेना की चार एकड़ जमीन के अलावा बड़े पैमाने पर जमीन पर अवैध कब्जा किया गया है।

# बालको जोन में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

## अपर आयुक्त ने मतदाताओं को दिलाई मतदाता शपथ








कोरबा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है तथा महिला, पुरूष, युवा, बुजुर्ग सहित छात्र-छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु नाटक, रैली, नारा लेखन निबंध, भाषण, पोस्टर तथा अन्य प्रतियोगिताओं के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। जिले में चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आज नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा बालको जोन अंतर्गत मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन कर मतदाताओं को उनके मताधिकार का अनिवार्य रूप से उपयोग करने की दिशा में जागरूक किया गया। निगम के अपर आयुक्त श्री विनय मिश्रा ने मतदाताओं को मतदाता शपथ ग्रहण कराते हुए उन्हें अनिवार्य रूप से मतदान करने तथा अन्य मतदाताओं को इस हेतु जागरूक करने का आग्रह किया।

बालको जोन में आयोजित मतदाता रैली, विभिन्न बस्तियों व रहवासी क्षेत्रों से होते हुए मिनीमाता स्कूल के समीप समाप्त हुई। अपर आयुक्त श्री विनय मिश्रा ने उपस्थित मतदाताओं को अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से उपयोग करने का संकल्प दिलाया तथा मतदाता शपथ ग्रहण कराई। उपस्थित लोगों ने शपथ लेते हुए कहा कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस अवसर पर निगम के उपायुक्त श्री बी.पी.त्रिवेदी, जोन कमिश्नर श्री एन.के.नाथ, सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं व विद्यार्थी उपस्थित थे।

दर्री जोन में मानव श्रृंखला का निर्माण कर आमजनों को किया गया जागरूक नगर पालिक निगम कोरबा के दर्री जोन अंतर्गत भी मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान मानव श्रृंखला का निर्माण कर लोगों व आम मतदाताओं से मताधिकार का उपयोग करने की अपील की गई। इस दौरान जोन के सभी अधिकारी कर्मचारी तथा काफी संख्या में मतदाताओं ने मानव श्रृंखला बनाकर अनिवार्य मतदान का संदेश दिया।

## जिले में मनाया गया राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस



कोरबा । मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी के उपस्थिति में राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कोरबा जिले के सभी विकासखण्डों से मास्टर ट्रेनर्स मितानिन एस.एच.जी.मेम्बर्स सरपंच एवं पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम में सेंटर फार कैटेलाईजिंग चेंज (सी-3) इंडिया के स्टेट हेड श्री दिलीप सरवटे द्वारा सुरक्षित मातृत्व दिवस के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होने बताया कि सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाने का उद्देश्य सम्मान जनक मातृत्व देखभाल के दौरान मौखिक और शारीरिक दुर्वव्हार और भेदभाव से सुरक्षा शामिल है। उन्होंने कहा कि मातृ स्वास्थ्य अधिकारों के बारे में जागरूकता बढ़ाकर इसे बेहतर बनाया जा सकता है। बालिकाओं की गर्भावस्था में मृत्यु को कम करने एवं गरिमामय मातृत्व स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत व गुणवत्तापूर्ण बनाने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग और सेंटर फार कैटेलाईजिंग चेंज (सी-3) द्वारा सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया जा रहा है।इस दौरान शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में प्रसूती विभागाध्यक्ष डॉ. आदित्य सिसोदिया ने महिला केंद्रित गरिमामय स्वास्थ्य देखभाल पर जानकारी देते हुए दुर्व्यवहार की श्रेणियों पर विस्तार से प्रकाश डाला एवं इसे कम करने के लिए व्यवहार में बदलाव की आवश्यकता पर जोर दिया। सीएमएचओ ने स्वास्थ्य देखभाल के संबंध में बताया कि किसी भी गर्भवती महिला के पंजीयन से लेकर नियमित प्रसवपूर्व जॉच और प्रसव के बाद तक की पूरी प्रक्रिया को फॉलो करना ही मातृत्व की सुरक्षा है। उन्होंने कहा कि एच.आर.पी. की पहचान, सोनोग्राफी की उपलब्धता, एएनसी जॉच हेतु केन्द्रो में स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार के साथ ही लाभार्थी के नॉर्मल और सीजेरियन प्रसव कराने की सुविधा निरंतर जिले में बढ़ाई जा रही है।

# जिले में निरंतर चलाया जा रहा मतदाता जागरूकता अभियान

### कसईपाली में महिलाओं द्वारा निकाली गई जागरूकता रैली




कोरबा । लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान आमजनों में मतदान के प्रति जनजागरूकता लाने हेतु जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक रूप से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में जनपद पंचायत कटघोरा के ग्राम कसईपाली में स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा मतदाता जागरूकता हेतु रैली का आयोजन किया गया। महिलाओं द्वारा गांव के सभी पारा, मोहल्ला, बसाहटों में जाकर ग्रामीणों को मताधिकार के उपयोग के संबंध में जानकारी देते हुए उन्हें अनिवार्य रूप से 07 मई को निष्पक्ष मतदान करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है।स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल स्याहीमुड़ी में मतदाता जागरूकता एवं मतदान के प्रतिशत में वृद्धि करने हेतु रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय की प्राचार्य डॉ फरहाना अली के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने मतदान के विभिन्न थीम पर रंगोली बनाकर लोगों को आकर्षित कर शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित किया। विद्यालय की स्वीप प्रभावी प्रभा साव ने विद्यार्थियों को समूहों में विभाजित कर सुंदर रंगोली बनाने में सहयोग किया। प्रतियोगिता में गरिमा महंत, नितिन भरिया, पीयूष, आरती मंझवार, लक्ष्मी चौहान, अंजनी खड़िया , मुस्कान ध्रुव सहित अन्य विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

# ब्रम्हाकुमारी बहनों ने कलश लेकर नगर में निकाली रैली



कोतबा। सीएमपी कालोनी हाईस्कूल पारा तपकरा रोड कोतबा में रविवार को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय सेवा केंद्र का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी के ईश्वरीय परिवार के भाई-बहनों द्वारा नगर में भगवान शिव का संदेश देते हुए नगर में कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा में ब्रह्माकुमारी बहनें कलश व झंडा लेकर नगर भ्रमण करते हुए नए सेवाकेंद्र में पहुंचीं। इस दौरान एकजुटता का संदेश दिया।

कार्यक्रम स्थल पहुंचकर ब्रह्माकुमारीज रायगढ़ व जशपुर के प्रभारी बीके चित्रा बहन ने शिव ध्वजारोहण किया। नए सेवाकेंद्र शुभारंभ अवसर पर सेवा केंद्र के प्रांगण में ही द्वादश ज्योतिर्लिंग के दर्शन के लिए झांकी सजाया गया है। यहां 14 अप्रैल से 21 अप्रैल तक लगी रहेगी। लोग सुबह 8 बजे से 10 बजे तक और शाम को पांच बजे से रात आठ बजे तक झांकी का आनंद का उठा सकेंगे। इसके अलावा शाम को चैतन्य देवियों की झांकी का भी कार्यक्रम रखा गया है। इस मौके पर सारंगढ़ के संचालिका बीके कंचन बहन, सहसंचालिका राधिका बहन, जशपुर के संचालिका बीके सरिता बहन, कुनकुरी के संचालिका भारती बहन, लैलूंगा के संचालिका मुन्नी बहन, नीलू, माधुरी, बेबी, भुनेश्वरी बहन, अहिल्या, उषा बहन सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ब्रम्हाकुमारी के पदाधिकारी मौजूद थे। 15 अप्रैल से प्रतिदिन सुबह आठ बजे से नौ बजे तक राजयोग शिविर लगाया गया है। इसमें कोई भी व्यक्ति शामिल हो सकता है। ब्रम्हाकुमारी ने कहा कि नए सेवाकेंद्र खुलने से अब नगर पंचायत कोतबा में आध्यात्मिक ज्ञान ले सकेंगे। साथ ही जन-जन तक आसानी से आध्यात्मिक ज्ञान पहुंचा सकेंगे। इससे लोगों के कार्यशैली के साथ ही क्षेत्र में शांति का वातावरण निर्मित होगा।

## मतदान कर्मियों को दिया गया द्वितीय चरण का प्रशिक्षण

कोरबा । लोकसभा निर्वाचन 2024 के सफल निष्पादन हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के निर्देशन में जिले के सभी विकास खंडों में मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कोरबा के विद्युत गृह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आज मतदान कर्मियों को द्वितीय चरण का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक 01, 02 व 03 शामिल हैं। यह प्रशिक्षण दो पालियों में आयोजित हुआ। प्रथम पाली प्रात: 9:30 से 12:30 बजे तक एवं द्वितीय पाली दोपहर 1 बजे से सायं 4 बजे तक आयोजित हुई। इसी प्रकार जिले के अन्य विकासखण्डों में भी मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण उपलब्ध कराया गया।गौरतलब है कि विगत 02 अप्रैल 2024 से मतदान कर्मियों को प्रथम चरण का प्रशिक्षण दिया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को समय पर उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया है। साथ ही अकारण अनुपस्थित रहने वाले प्रशिक्षणार्थियों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए है।

## सड़क चौड़ीकरण सर्वे के लिए दल का गठन

कोरबा । कलेक्टर अजीत वसंत ने परसाभाठा बालको से बजरंग चौक तक सड़क चौड़ीकरण सर्वे किए जाने एवं प्राक्कलन तैयार किए जाने हेतु दल का गठन किया है। कलेक्टर द्वारा गठित दल में अनुविभागीय अधिकारी कोरबा, अपर आयुक्त नगर पालिक निगम कोरबा, जिला परिवहन अधिकारी, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, कार्यपालन अभियंता छ.ग.रा.वि. वितरण कंपनी कोरबा, अनुविभागीय अधिकारी (विद्युत/यांत्रिकी) शामिल है। उक्त दल को एक सप्ताह के भीतर सर्वे कर प्राक्कलन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

## आज 02 अभ्यर्थियों ने क्रय किया नाम-निर्देशन पत्र

कोरबा। लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 04 कोरबा के लिए आज 02 अभ्यर्थियों श्री महेन्द्र कुमार श्रीवास निर्दलीय एवं श्री शोबरन सिंह सैमा निर्दलीय ने नामांकन पत्र क्रय किया। अब तक कुल 13 अभ्यर्थियों ने जिला कार्यालय पहुंचकर नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया। विगत 12 अप्रैल को 11 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र क्रय किया है

## एनएच में हाथियो का झुंड आवागमन बाधित

कोरबा। रविवार की दोपहर को कांपानवापारा के निकट 49 हाथियों का झुंड नेशनल हाईवे के पास पहुंच गया। 15 मिनट तक मार्ग में आवागमन बाधित रहा।

मौके पर निगरानी कर रहे वन कर्मियों ने वापस जंगल की ओर खदेड़ा।कांपा नवापारा के पास हाथियों ने दल ने पिछले डेढ़ माह से डेरा डाल रखा है। दल के लिए अनुकूल वातावरण के साथ चारा व पानी की सुविधा होने से हाथी यहां लंबे समय से टिके हैं। यह स्थान नेशनल हाईवे से लगभग 500 मीटर की दूरी पर है। यही वजह है कि मार्ग से हाथी पार होते रहते हैं। रविवार की दोपहर दो बजे हाइवे में वाहनों का आवागमन हाथियों के सडक़ पार होने तक रूक गया।

# आम आदमी पार्टी नामांकन रैली में बनेगी सहभागी



कोरबा । कोरबा लोकसभा क्षेत्र कांग्रेस प्रत्याशी सुश्री ज्योत्सना चरणदास महंत के द्वारा मंगलवार को नामांकन दाखिल किया जाएगा। इसके पूर्व डॉ. भीमराव अंबेडकर ओपन ऑडिटोरियम घंटाघर में नामांकन सभा का आयोजन रखा गया है। इसके पश्चात रैली की शक्ल में नामांकन दाखिल करने कलेक्ट्रेट के लिए रवाना होंगी।

इसे लेकर आम आदमी पार्टी जिला अध्यक्ष चंद्रकांत डिक्सेना ने कार्यकर्ताओं व पदाधिकारी से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कराए। श्रीमती महंत के नामांकन रैली में 2 दर्जन से अधिक दिग्गज नेताओं के साथ-साथ पूरे संसदीय क्षेत्र के 8 विधानसभा से पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की उपस्थिति हजारों की संख्या में रहने की उम्मीद जताई जा रही हैं। कांग्रेस परिवार ने कांग्रेस के समस्त पदाधिकारियों, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, इंटक, सेवादल सहित सभी अनुषंगी संगठनों के कार्यकर्ताओं से नामांकन रैली में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने अपील की है।

# नौकरी पर रखवाने का झांसा देकर बघेल ने ठगा 16 लाख एफआईआर दर्ज

कोरबा। बालको से जबरन बिठाए गए लोगों को फिर से नौकरी पर रखवाने का झांसा देकर रोशन बघेल पिता स्वर्गीय चमरु राम बघेल निवासी ग्राम गुरसिया के द्वारा 39 लोगों के साथ छल करते हुए 16 लाख रुपये से अधिक की रकम हड़पने का गुनाह किया गया है। इसके संबंध में एफ आई आर दर्ज कर विवेचना की जा रही है।प्रार्थीगण ने बताया कि वे सभी चोटिया कोयला खदान में कार्य कर रहे थे परंतु बालको कंपनी द्वारा छटनी कर जबरदस्ती वीआरएस भरवा कर 31 अक्टूबर 2020 को नौकरी से हटा दिया गया। इस वीआरएस को वापस कर नौकरी करना चाहते थे, इसी संदर्भ में रोशन बघेल ग्राम गुरसिया पोंड़ी उपरोड़ा निवासी से मिले जो अपने पहुंच मंत्रालय तथा बालको के उच्च अधिकारियों तक बताया एवं बोला कि फिर से नौकरी बालको में वापसी हो जाएगी एवं 6 माह के अंदर काम करवा दूंगा। इस संदर्भ में 39 लोग से रोशन बघेल ने किश्त में रकम की मांग की जो कि पहला किश्त 7,80,000/- रुपये मार्च माह में नगद राशि दिये दूसरा किश्त 7,40,000/- रुपये अप्रैल माह में नगद राशि दिये एवम तीसरा किश्त 1,20,000/- रुपये अक्टूबर के माह में रोशन बघेल के पुत्र राहुल बघेल के अकाउंट में जमा किए जो कि टोटल रकम राशि 16,40,000/- (सोलह लाख चालीस हजार रुपये) है।परंतु दिए हुए समय तक काम रोशन बघेल नहीं करवा पाया और टालमटोल करता चला गया। रोशन बघेल ने बोला कि काम नहीं हुआ तो रकम वापस कर दूंगा स इस संदर्भ में 14-1-2022 को बांगो अर्थ डेम के पास मीटिंग रखा गया था।बघेल के द्वारा बोला गया मैं काम नहीं करवा पाया इसके लिए मैं क्षमा चाहता हूं मैं आप लोगों का पैसा वापस कर दूंगा जिसमें से 3 से 4 लाख रुपये इधर-उधर खर्च हो गया। घर आकर रकम ले जाने के लिए कहा लेकिन जब सभी लोग उसके घर गुरसिया गए मगर वह घर पर नहीं मिला और पता चला कि दिल्ली गए हैं। उसके द्वारा फोन पर ही रकम वापसी के नाम पर तारीख पर तारीख देते हुए टाल-मटोल कर घुमाया जाता रहा। पुलिस में शिकायत करने की बात पर किसी तरह कुल 1,00,000/- रुपये ही वापस किया गया है। मानसिक एवं आर्थिक रुप से काफी परेशान सुरेन्द्र व अन्य की रिपोर्ट पर रोशन बघेल व राहुल बघेल के विरुद्ध बांगो थाना में धारा 420,34 का जुर्म दर्ज किया गया है।

**ठगी का शिकार हुए ये लोग**

नाम चन्द्रभूषण जायसवाल, सुशील कुमार जायसवाल, सनमन यादव सम्मान साय, दीवान सिंह, भगत राम, महिपाल बिंझवार, मोतीलाल बिंझवार, सरवन कुमार, दिनेश कुमार, राजेश कुमार,शंकर दास, प्रेम लाल, इन्द्रपाल सिंह अयाम, ईश्वर दयाल, राकेश कुमार यादव, सुरेन्द्र कुमार, क्रमश: भुवन पाल सिंह पावले, 18. रामनाथ, 19. जयपाल कोर्राम, 20. राम सिंह पावले, 21. दिलबोध पावले, 22. कमलेश कुमार पुहुप, 23. संतोष कुमार महंत, 24. विष्णु सिंह बिंझवार, 25. नीरु कुमार, 26. विनोद कुमार बिंझवार, 27. ईश्वर सिंह बिंझवार, 28. बिजेन्द्र गुप्ता, 29. संतोष सिंह, 30. सूरज सिंह क्षत्रिय, 31. शिवराम टोप्पो, 32. नर्मदा प्रसाद, 33. प्रदीप कुमार रत्नाकर, 34. खुश राम, 35. पुरुषोत्तम सिंह, 36. जवाहिर लाल यादव, 37. नरेश कुमार, 38. शिव नारायण पावले, 39. बिहारी लाल से रुपये ठगे गए हैं।

पति-पत्नी ने बलौदाबाजार में रिटायर्ड को भी ठगा है

पीड़ित प्रकाश सिंह पिता स्व. भागीरथी देशलहरे पुलिस विभाग में उपनिरीक्षक पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। उनका निवास ग्राम रिसदा थाना व जिला बलौदाबाजार है। जनवरी 2011 को अपने गाँव रिसदा में थे कि 25 जनवरी को भांजा चन्द्र कुमार टण्डन निवासी लटुआ घर आया था। साथ में एक पुरूष व महिला भी थे। भाँजा ने बताया कि ये रोशन बघेल और उनकी पत्नी हेमलता बघेल हैं जो मुझे शिक्षाकर्मी में नौकरी लगाने के लिए 2,60,000/- (दो लाख साठ हजार रूपये ) लिये हैं। उसके बाद रोशन बघेल ने पीड़ित से कहा कि उसका परिवहन विभाग में प्रतिनियुक्ति करा सकता हूँ, पाँच लाख रूपये लगेगा। तब मैं पीड़ित ने 4 लाख पचहत्तर हजार रूपये दिया।

# भाकपा जिला परिषद ने मनाई बाबा साहेब की जयंती

कोरबा। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला परिषद कोरबा द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती कुसमुंडा (एटक) कार्यालय में शाम 6:30 बजे से मनाया गया जिसमें संगोष्ठी का कार्यक्रम रखा गया उसके पश्चात पार्टी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व जिला सचिव कामरेड एम एल रजक जी द्वारा किया गया जिला सचिव कामरेड पवन कुमार वर्मा ने कहा कि आज 14 अप्रैल को पुरे देश में अंबेडकर जयंती मनाया जा रहा है, भारत की स्वतंत्रता के बाद देश के संविधान के निर्माण में उनके अमूल्य योगदान थे।

डॉ भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 में हुआ था वे एक महान चिंतक ,समाज सुधारक, कानून विशेषज्ञ, आर्थिक विशेषज्ञ, बहुभाषी वक्त, संपादक पत्रकार थे। डॉ अंबेडकर मजदूर एकता की हामी थे।वे शोषण और अन्याय से मजदूरों की मुक्ति चाहते थे सारे समाज में समता, समानता और भाईचारे की भावना देखना चाहते थे वे औरतों की समता, समानता और विकास के सबसे बड़े हामी थे।

आज पूरे देश में लोकसभा चुनाव होने जा रहा है। पूंजीवादी पार्टीयां एक दूसरे के ऊपर सिर्फ टीका टिप्पणी कर रही है जनता के मुद्दे गायब है जैसे कोरबा के सभी क्षेत्रों में आए दिन भारी वाहनों से दुर्घटना हो रही है, प्रदूषण से लोग परेशान हैं, नगर निगम सफाई कर्मी, कचरा उठाने वाले कर्मचारी, ठेकेदारी मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी एवं सामाजिक सुरक्षा नहीं मिल रहा है, कोरबा के सभी तालाबों की साफ सफाई की जगह ठेकेदारों द्वारा उसे कब्जा किया जा रहा है, एनटीपीसी के भू स्थापितों को नौकरी, मुआवजा, क्षतिपूर्ति से वंचित किया गया है, कोरबा जिला औद्योगिक नगरी है और यहां की जनता रेल सुविधाओं से वंचित है, सरकारी अस्पताल सरकारी स्कूल की स्थिति दयनीय है, सरकारी संस्थानों में निजीकरण, आउटसोर्स को रोकने पर कोई बात नहीं हो रही है।

सहायक जिला सचिव कामरेड रैवत प्रसाद मिश्र ने कहा कि बीबीसी के साथ डॉ अम्बेडकर के 1953 साक्षात्कार का 4 मिनट 53 सेकेंड का विडियो जरूर देखना चाहिये। डॉ अम्बेडकर कम्युनिस्ट व्यवस्था की बात करते हैं।,

डॉ संविधान का मसौदा तैयार करने वाली समिति का नेतृत्व किया और स्वतंत्र भारत के पहले कानून मंत्री के रूप में कार्य किया. आज हम सबको इस मौके पर संविधान की रक्षा के लिए संकल्प लेना चाहिए।,का एम एल रजक जी ने डॉ अंबेडकर को नमन करते हुए कहा कि आज देश में कारपोरेट साम्प्रदायिक गठजोड़ की सरकार है , जिसकी नई उदारवादी नीतियों ने किसान मजदूर व आमजनता की रोजी रोटी पर हमला बोल रखा है , वर्तमान भाजपा शासन ने कारपोरेट की शह पर ज्यादा मुनाफे बटोरने के लिए देश के संसाधनों को उन्हें सौंपने का काम किया है , यदि पीएम केयर फण्ड , चुनावी बाण्ड की न्यायिक जांच हो जाए तो भाजपा की असलियत देश की जनता के सामने आ जाएगी ।का एस के त्रिपाठी ने डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती पर उन्हें शत-शत नमन करते हुए कहा कि मौजूदा सरकारसंविधान , धर्मनिरपेक्ष लोकतान्त्रिक गणराज्य को समाप्त करके तानाशाही फासीवादी निजाम कायम करना चाहती है , जिसको भारत की जनता कभी भी सहन नहीं करेगी ।

इस कार्यक्रम में इस कार्यक्रम में उपस्थित सिदाम दास, मुकेश कुमार, राकेश कुमार, एम के पांडे, कुरन राम, नरेश साहू , छत्रसाल सिंह, वेद राम, महेंद्र यादव, एस के त्रिपाठी, विनोद कुमार, आमत लाल, सुरेंद्र स्वर्णकार, राजेंद्र जैसवाल, वाई के द्विवेदी, जीत सिंह, रमेश प्रसाद, के पी डनसेना, जोगी राम, कन्हैया लाल, श्येनीय जगराम, इस संगोष्ठी में सभी साथियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, इसके उपरांत निर्णय लिया गया कि सभी सीनियर साथियों से चर्चा कर 8 मई से 20 मई के बीच विस्तारित बैठक रखी जाएगी।

# सर्वमंगला मंदिर में 500 वर्ष पुराने पेड़, धागा बाधने से होती है मन्नते पूरी



कोरबा। हसदेव नदी के तट पर मौजूद मां सर्वमंगला का मंदिर कोरबा ही नहीं प्रदेश वासियों के लिए आस्था का एक बड़ा केंद्र है. जहां सच्चे मन से मांगी गई हर मन्नत पूरी होती है. यही वजह है कि नवरात्र के दौरान यहां आस्था का जनसैलाब उमड़ता है.

हसदेव नदी के तट पर मौजूद मां सर्वमंगला का मंदिर काफी पुराना है. मां सर्वमंगला को जिले की पहली आराध्य देवी माना जाता है. साल के दोनों नवरात्र में मां सर्वमंगला की विशेष पूजा आराधना होती है. माता का यह मंदिर करीब 124 साल पुराना है. जिसे लेकर कोरबा वासियों की आस्था काफी गहरी है. कोरबा के साथ ही पूरे प्रदेश वासी मां सर्वमंगला को काफी मानते हैं. यही वजह है कि नवरात्र के समय यहां श्रद्धालुओं की काफी भीड़ जुटती है.मंदिर परिसर में ही बरगद का विशाल पेड़ मौजूद है. जिसे करीब पांच सौ साल पुराना बताया जाता है. इसे मन्नतें पूरी करने वाला पेड़ माना जाता है. कहा जाता है कि पहले हसदेव नदी के तट के किनारे मौजूद इस बरगद के पेड़ के नीचे हाथी विश्राम किया करते थे. इस पेड़ की डालियों पर मोरो का बसेरा हुआ करता था. लोगों का मानना है कि इस पेड़ में रक्षासूत्र बांधकर जो भी मन्नत मांगी जाए वह अवश्य पूर्ण होती है, इसलिए दूर-दूर से श्रद्धालु अपनी मन्नत लेकर माता के दरबार पहुंचते है.चैत्र नवरात्र के मद्देनजर यहां हजारों की संख्या में सर्व मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित होती है. इस साल भी ज्योति जलवाने को लेकर तैयारियां पूरी हो गई हैं. विदेशों से भी यहां मनोकामना ज्योति कलश जलवाए जाते हैं.मां सर्वमंगला देवी मंदिर चैत्र नवरात्रि के अष्टमी के अवसर पर पूजा की गई जहां भक्तों की भीड़ सुबह से ही मंदिर परिसर पर देखी जा रही है. एवं भक्तजन बारी-बारी से माता रानी के दर्शन कर आशीर्वाद ले रहे

# रोशन बने जिला सक्ती देवांगन समाज के संरक्षक

**सक्ती।** प्रदेश देवांगन कल्याण समाज छत्तीसगढ़ (पंजीयन क्रमांक 2338) के युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मनोहर देवांगन के द्वारा अपने समिति का विस्तार करते हुए सक्ती जिला से रोशन देवांगन को संरक्षक एवं राकेश देवांगन को सलाहकार नियुक्त किया गया है एवं महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष किरण देवांगन के द्वारा अपने समिति का विस्तार किया गया है, जिसमें नवीन जिला सक्ती से तीन सदस्यों को नवीन जिम्मेदारी दिया गया, जिसमें रेखा देवांगन को उपाध्यक्ष, श्रीमती अंजनी देवांगन को कार्यकारिणी सदस्य एवं श्रीकलश देवांगन को मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी दिया गया है, सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को देवांगन विकास सेवा समिति के द्वारा पुष्प गुच्छ देकर बधाई एवं शुभकामनाएं दिया गया एवं साथ ही चर्चा किया गया कि सक्ती जिला में जिला देवांगन कल्याण समाज सक्ती के गठन से समाज को एक नई दिशा मिलेगी एवं समाज के कल्याण के अनेकों कार्य हो सकेगा। समाज कल्याण एवं सेवा के लिए हमारा देवांगन विकास सेवा समिति हमेशा तत्पर रहेगा। किसी भी प्रकार की



आयोजन में समिति पूरा सहयोग करेगा। इस अवसर पर देवांगन विकास सेवा समिति के सदस्य कृष्णा कुमार देवांगन, प्रेम नारायण देवांगन, मुकेश देवांगन, रवि देवांगन, शंकर देवांगन, योगेश देवांगन, ओंकार देवांगन, विमल देवांगन, शैलेश देवांगन, नारायण देवांगन, बाबा देवांगन, गजेंद्र देवांगन, परमानंद देवांगन, उमाशंकर देवांगन, दौलत देवांगन, सावन देवांगन, दीपांशु देवांगन, महेंद्र देवांगन, ऋषि देवांगन, मनोज देवांगन, सुनील देवांगन, यशवंत देवांगन, छोटु देवांगन एवं एम. विकास देवांगन आदि उपस्थित थे।

## सरहरगढ़ प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान से पहले निकाली कलश यात्रा

**बाराद्वार।** निकटस्थ ग्राम सरहरगढ़ में रामनवमी पर समलाई मंदिर के पास नवनिर्मित श्रीराम जानकी मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 15 से 17 अप्रैल तक तीन दिवसीय समारोह का आयोजन किया गया है।



सरहरगढ के समलाई मंदिर के पास केंवट समाज ने श्रीराम जानकी मंदिर का निर्माण कराया है, जिसकी प्राण प्रतिष्ठा रामनवमी के दिन होगी। मंदिर प्राण प्रतिष्ठा आयोजन के पहले दिन 15 अप्रैल को समलाई मंदिर के पास नवनिर्मित श्रीराम जानकी मंदिर से दोपहर 3 बजे कलश यात्रा निकाली गई, जो गांव के सभी वार्डों का भ्रमण करते हुए वापस मंदिर पहुंची। कलश यात्रा में सरहरगढ़, दुरपा सहित आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल थे।

# अवैध शराब परिवहन मामले में सेल्समेन गिरफ्तार

### आबकारी एक्ट में की गई कार्रवाई

**जांजगीर- चांपा।** शासकीय शराब भट्ठी कोटमीसोनार से अवैध रूप से शराब परिवहन करने वाले सेल्समेन और एक कर्मचारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामला अकलतरा थाना का है।अकलतरा पुलिस ने 14 अप्रैल को नगर पालिका अकलतरा के वार्ड क्रमांक 13 निवासी टेकू बंजारे एवं उसकी पत्नि अल्का बंजारे के कब्जे से घर में लगे टाईल्स के नीचे जमीन में गड्ढा खोदकर कार्टून में रखे गोवा स्पेशल व्हस्की 192 पाव, बियर 21 बोतल एवं देशी प्लेन शराब 240 पाव एवं बिक्री रकम दो हजार रूपये सहित 53 हजार 180 रूपये को जब्त कर आरोपितों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा था।



अवैध शराब बिक्री करने के संबध में आरोपी टेंकू बंजारे व अल्का बंजारे से पूछताछ की गई। जिसमें उन्होंने शासकीय शराब भट्ठी कोटमीसोनार से उसी शराब भट्ठी में काम करने वाले खटोला निवासी शरद कुमार कंवर (27) एवं कटघरी निवासी राजकुमार यादव (25) के द्वारा अवैध रूप से शराब पहुंचानेकी जानकारी दी थी। जिस पर पुलिस ने कोटमीसोनार शराब भट्ठी में कार्यरत शरद कुमार कंवर एवं राजकुमार यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ की । उन्होंने कोटमीसोनार शराब भट्ठी से अवैध रूप से टेंकू बंजारे को देशी व अंग्रेजी शराब बेचना स्वीकार किया। पुलिस ने शरद कुमार कंवर एवं राजकुमार यादव के कब्जे से15.66 लीटर देशी और अंग्रेजी शराब एवं परिवहन में प्रयुक्त स्कूटी को जब्त किया। पुलिस ने धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत दोनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड मेंजेल भेजा गया।

### सड़क किनारे खड़ी लड़की को टक्कर मारकर कुचल डाला,हुआ फरार



**बिलासपुर।** बिलासपुर में सड़क किनारे खड़ी लड़की पर लोडिंग वाहन चढ़ गया। इससे लड़की की मौके पर ही मौत हो गई। वह प्राइवेट संस्थान में सेल्स



गर्ल का काम करती थी। हादसे के बाद चालक लोडिंग वाहन छोड़कर भाग निकला है। हादसे का CCTV फुटेज भी सामने आया है। हादसा सरकंडा थाना क्षेत्र में हुआ है।

जानकारी के मुताबिक, सीपत क्षेत्र के ग्राम सेलर निवासी संतोष केंवट मजदूरी करता है। उसकी बेटी सोमी उर्फ सौम्या केंवट (20) 12वीं करने के बाद प्राइवेट संस्थान में सेल्स गर्ल का काम करती थी। वह हरदीडीह में अपने परिचित के घर में रहती थी।

# वार्ड 4 के किसान बीज भंडार से हजारों का सामान चोरों ने किया पार

**सक्ती।** व्यवसायी के घर से नकदी और सोने चांदी के जेवर सहित लाखों रूपए की हुई चोरी का सुराग पुलिस लगा भी नहीं पाई है कि एक बार फिर किसान बीज भंडार में नकाबपोश चोरों ने धावा बोलकर 15 हजार रूपये पार कर पुलिस को खुली चुनौती दे दी। लगातार हो रही चोरी की वारदातों से नगरवासी दहशत में है। पुलिस अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर कार्रवाई की औपचारिकता निभा रही है।नगर के वार्ड क्रमांक 4 में स्थित किसान बीज भंडार में 14 - 15 अप्रैल की रात नकाबपोश चोरों ने लगभग 1ः30 बजे धावा बोला। किसान बीच भंडार के पास ही एक निर्माणाधीन मकान है।

वहां से किसान बीज भंडार के छत उपर चढ़कर वे नीचे दुकान पर पहुंचे जहां गल्ले में रखे लगभग 15 हजार रूपये को चोरी कर ले गए। किसान बीच के संचालक गुलाब अग्रवाल ने बताया कि रविवार की रात को दुकान बंदकर वे अपने घर चले गये थे। दूसरे दिन सोमवार की सुबह दुकान खोलने पर देखा की गल्ले में रखे लगभग 10 से 15 हजार रूपये नहीं थे। उन्होंने इसकी सूचना थाने में दी जिस पर



पुलिस मौके पर पहुंची और मौका मुआयना किया। साइबर सेल की टीम ने दुकान में लगे सीसी कैमरे की जांच की।

जिसमें तीन चार नकाबपोश युवक चोरी करते दिख रहे हैं। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है। उधर तीन दिन पहले व्यवसायी के घर से नकदी और सोने चांदी के जेवर सहित लाखों रूपए की हुई चोरी का सुराग पुलिस नहीं लगा पाई है। एक दिन पहले ही आईजी संजीव शुक्ला सक्ती पहुंचे थे और चोरी पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधिकारियों को बैठक लेकर रात्रि गश्त करने के निर्देश दिए। इधर शहर में लागातार हो रही चोरी से पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठ रहे हैं। पुलिस अभी तक किसी भी चोरी का पर्दाफाश नहीं कर पाई है।

### मतदान जागरूकता के लिए बनायी मानव श्रृखंला



**अकलतरा।** श्री ऋषभ विद्योदय महाविद्यालय एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बनाहिल में मतदाता जागरूकता व स्वीप कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर मतदान करने की शपथ ली। कॉलेज के संस्थापक डॉ. जेके जैन ने कहा कि लोकतंत्र को बचाने के लिए मतदान करना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है, हमें जागरूक होकर मतदान करने के साथ-साथ मतदान करने के लिए अन्य लोगों को भी जागरूक करना चाहिए। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. तृप्ति शुक्ला ने कहा कि देश के लोक तांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखने स्वतंत्र व निष्पक्ष मतदान करने की आवश्यकता है। छात्र - छात्राएं जागरूक होकर मतदान करने के साथ अपने घर के लोगों व आसपास के लोगों को भी मतदान के दिन मतदान करने के लिए ले जाकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में अपनी सहभागिता निभाएं। कार्यक्रम को महाविद्यालय प्रबंध समिति के सचिव अंकित जैन ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर प्राध्यापक अशोक पांडेय, ओमप्रकाश सोनी, संतोष कुमार ध्रुव, संध्या सिंह, उद्राणी केंवट, मधुराव, पायल दास, शारदा शर्मा, गायत्री यादव, दुर्गा टंडन, सेजल जैन, रश्मि मरकाम, कृष्णकांत चंद्राकर, सुनीता पाण्डेय,ललित महंत, दिव्यांश कश्यप, रवि राठौर, सी.पी. आदित्य, मनीष गंधर्व, आकाश दास, नीरज निर्मलकर व महाविद्यालय के स्टाफ उपस्थित थे।

### मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित हुए मंदिर में



**अकलतरा।** ग्राम कापन में चैत्र नवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। देवी मंदिरों में नवरात्रि पर्व के अवसर पर मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित हो रहे हैं।

गांव के झाड़ीपाठ देवस्थल में 254 तेल ज्योति कलश ,16 जवा कलश व 16 घृत ज्योति कलश प्रज्ज्वलित हो रहे हैं। सेवा समिति के शशि भूषण गौतम व सुरेश सिंह गौतम ने बताया कि गांव के प्राचीन झाड़ी पाठ देव स्थल में नवरात्रि पर्व पर सुबह शाम विशेष आरती व कीर्तन मंडली द्वारा जस गीत का आयोजन किया जा रहा है। 17 अप्रैल को नवमी पर हवन के बाद भंडारा का आयोजन होगा। इसी प्रकार गांव के लक्ष्मण पाठ देव स्थल में 120 तेल ज्योति कलश, 12 घृत ज्योति कलश व 12 जवा कलश प्रज्ज्वलित हो रहे हैं। ठाकुर देव मंदिर में 54 तेल ज्योति कलश व 11 ज्वारा कलश प्रज्ज्वलित हो रहे हैं।

### पब में बर्थडे पार्टी के दौरान डांस को लेकर विवाद, बार मैनेजर पर भी केस

**बिलासपुर।** बिलासपुर के 36 मॉल स्थित तंत्रा बार में युवक-युवतियों के बीच जमकर मारपीट हो गई। इस दौरान लड़कों के एक गुट ने बेल्ट और लात-घूंसों से युवक-युवतियों की बेहरमी से पिटाई की। इधर, विवाद की जानकारी मिलने पर पुलिस ने बार में दबिश दी, तो यहां देर रात तक युवक-युवतियां शराब पीकर डांस करते मिले।

पुलिस ने बार मैनेजर के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। वहीं, मारपीट में घायल युवक की रिपोर्ट पर भी केस दर्ज किया गया है। घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र की है।

पुलिस के अनुसार विवेक कुमार रात्रे पिता हरिश्चन्द्र रात्रे जांजगीर-चांपा जिले के अकलतरा क्षेत्र के ग्राम अर्जुनी का रहने वाला है। वह बिलासपुर में LLB की पढ़ाई कर रहा है। बीते 14 अप्रैल की रात वो अपने दोस्तों पूजा देवांगन, संध्या जांगड़े, रोमा रात्रे, प्रवीण दिव्य, दीपक सिंह के साथ बर्थडे सेलिब्रेट करने तंत्रा बार गया था। यहां शराब पीकर युवक-युवतियां डीजे पर डांस कर रहे थे। उसी समय क्लब में मौजूद दूसरे गुट के युवक भी वहां पहुंच गए और लड़कियों के पास जाकर डांस करने लगे। इस दौरान इन लोगों ने विरोध किया और उन्हें रोकने लगे। इसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते हाथापाई शुरू हो गई। बाद में बाउंसर ने बीच-बचाव किया और विवाद को शांत कराया। इसके बाद युवक-युवतियां देर रात करीब 12.30 बजे क्लब से बाहर निकले तो दूसरे गुट के युवक भी बाहर आ गए। युवकों ने पार्किंग में पहुंचते ही उन्हें घेर लिया और बेल्ट निकाल कर पिटाई शुरू कर दी। इस दौरान बदमाशों ने युवक-युवतियों पर जमकर लात-घूंसे भी चलाए।

## तापमान में बढ़ोतरी होने के साथ अब जनजीवन पर इसका दिख रहा असर

**जांजगीर।** चक्रवात सिस्टम अब कमजोर हो चुका है। बारिश-बादल के बाद मौसम साफ होने से गर्मी में बढ़ोतरी होने लगी है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 4 दिन तक दिन के तापमान में 4 से 6 डिग्री तक की बढ़ोतरी होने की संभावना है, लेकिन इस बीच बंगाल की खाड़ी से नमीयुक्त हवा आ रही है। इससे अगले तीन दिन तक धूप-बादल के आसार हैं। खाड़ी से ज्यादा मात्रा में नमीयुक्त हवा आने पर कहीं-कहीं बूंदाबांदी व हल्की बारिश हो सकती है। सोमवार को अधिकतम तापमान 37 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री के आस-पास रहा।



सोमवार को जिले का अधिकतम तापमान 37 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री रहा। रविवार की तुलना में अधिकतम तापमान एक डिग्री ज्यादा रहा। इसके कारण सुबह 10 बजे के बाद से ही तेज गर्मी महसूस होने लगी। सुबह जहां तीखी धूप खिली रही, वहीं दोपहर तीन बजे के बाद बादल छाए रहे। बादल छाने से लोगों को गर्मी से राहत मिली। अप्रैल की शुरुआत में अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी हुई थी और अधिकतम पारा 39 डिग्री तक पहुंच गया था। रात में भी लोगों को गर्मी महसूस हो रही थी, लेकिन बीते सप्ताह में हुई बारिश की वजह से लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली है, लेकिन अब आगे अधिकतम व न्यूनतम तापमान में इजाफा होने का ट्रेंड जारी रह सकता है।

### अनियंत्रित होकर टकराया ट्रक, तीन खंभे हुए क्षतिग्रस्त

**पटना।** रेलवे ओवरब्रिज के सपोर्ट के लिए लगाए गए खंभे ट्रक की टक्कर से क्षतिग्रस्त हो गए।



गनीमत रही कि ट्रक रेलवे ट्रेक पर नहीं गिरा और कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। पटना से भैयाथाना जाने वाली सड़क पर टेंगनी के पास बने रेलवे ओवरब्रिज के सपोर्ट के लिए खंभे लगाए गए है। अनियंत्रित ट्रक की टक्कर से 3 खंभे क्षतिग्रस्त हो गए। इस दौरान ट्रक ट्रेक पर गिरने से बच गया। वहीं, वाहन चालक किसी तरह से ट्रक को बाहर निकालकर मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि ट्रक की लंबाई ज्यादा होने के कारण ट्रक मुड़ नहीं पाया। इस वजह से ट्रक खंभे से जा टकराई।

### तीन महीने बाद भी संकेतक बोर्ड को नहीं बनाया

**पटना।** पटना से भैयाथान के बीच बनी सड़क पर झिलमिली तिराहे के पास पीडब्ल्यूडी विभाग ने संकेतक बोर्ड लगाया था। यह तीन महीने पहले कोयला परिवहन में लगे ट्रक की टक्कर से क्षतिग्रस्त हो गया था। लेकिन अब तक संकेतक बोर्ड को नहीं बनाया गया है। बोर्ड के क्षतिग्रस्त होने की वजह से पहली बार इस रास्ते में सफर कर रहे लोगों को परेशानी हो रही है। विभाग के जिम्मेदार अधिकारी भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है। क्षतिग्रस्त बोर्ड के एंगल व लोहे को चोर चोरी करके ले गए है।

## दो अभ्यर्थियों ने जमा किया नामांकन, 11 ने लिया फॉर्म



**जांजगीर-चांपा।** लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र जांजगीर-चांपा के लिए नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन में 15 अप्रैल को 11 लोगों ने नाम निर्देशन पत्र लिया और 2 अभ्यर्थी द्वारा नामांकन पत्र कलेक्टर व रिटर्निंग अधिकारी आकाश छिकारा के समक्ष जमा किया गया।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी निशा नेताम मड़ावी ने बताया कि 15 अप्रैल को आलोक कुमार सोनवानी राष्ट्रीय हिंद एकता दल, मीना चौहान निर्दलीय, जगजीवन राम सतनामी आजाद जनता पार्टी, अनिल मनहर हमर राज पार्टी, मनहरण लाल भारद्वाज गोड़वाना गणतंत्र पार्टी, आनंद राम गिलहरे स्वतंत्र पार्टी, कौशल जांगड़े राष्ट्रवादी भारत पार्टी, गोपाल प्रसाद खुंटे भारतीय शक्ति चेतना पार्टी, बिंदा चौहान छत्तीसगढ़ विकास गंगा राष्ट्रीय पार्टी, दिनेश कुमार बंजारे निर्दलीय, नंद कुमार लहरे सर्व आदि दल ने नाम निर्देशन पत्र लिया। तिहारू राम निराला निर्दलीय और विद्या देवी ने सुन्दर समाज पार्टी से नामांकन फॉर्म जमा कर दिया है।

## ग्राम देवरी में डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा का किया अनावरण

**देवरी-चांपा।** डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल को मनाई गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत देवरी के मंझवा तालाब के पास चांदापार में बने डॉ अंबेडकर प्रतिमा अनावरण गांव के सूर्यवंशी समाज के लोगों ने किया। साथ ही गांव में रैली निकाली गई। इस अवसर पर उदेराम, ईश्वर लाल, धरमलाल, रामखिलावन, रामबगस, भीषम, नीलकंठ, गनपत, गणेश, जीवन लाल, तेरासराम, महावीर, तुलेश, छोटेलाल, श्रवण, शत्रुघन, रमेश बनवा, कमलेश, सम्मेलाल, दीपक, चूड़ामणि, ताराचंद, रवि प्रधान उपस्थित थे।



# जिले के 126 सरकारी स्कूलों में स्मार्ट क्लास से छात्रों को पढ़ाने की तैयारी

**जांजगीर।** जिले में बच्चों की पढ़ाई को बेहतर और सु?विधाजनक बनाने के लिए आईसीटी(इन्फार्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नॉलॉजी) योजना के तहत गवर्नमेंट हाई व हायर सेकंडरी स्कूल में स्मार्ट क्लास रूम स्थापित किए जाएंगे। चयनित स्कूल में आईसीटी योजना से विद्यार्थी कक्षा में पढ़ाई करने के बाद वही किताबें या उससे संबंधित विषयों की जानकारी स्मार्ट क्लास रूम में जाकर ले सकेंगे। हाई व हायर सेकंडरी स्कूल के सिलेबस और शिक्षक ऑनलाइन मिलेंगे। योजना के लिए जिले के 126 स्कूल का चयन कर लिया गया है। इन स्कूलों में स्मार्ट क्लासेस बनाने की प्लानिंग की है। नए सत्र से स्कूल के स्टूडेंट्स को स्मार्ट क्लास की सुविधा भी मिलने लगेगी।

निजी स्कूल के विद्यार्थियों को डिजिटल तकनीकी के माध्यम से शिक्षा देने का संस्थानों की ओर से प्रयास किया जाता है। हालांकि डिजिटल तकनीकी शिक्षा के लिए संस्थाएं अपने-अपने स्तर से विद्यार्थियों से शुल्क वसूलती हैं। निजी स्कूलों की तरह ही सरकारी स्कूल में डिजिटल तकनीकी शिक्षा विद्यार्थियों को मिले, इसके लिए विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं। केंद्र सरकार द्वारा संचालित समग्र शिक्षा अभियान के तहत आईसीटी योजना के तहत चयनित जिले स्कूल में स्मार्ट क्लास रूम बनाने की तैयारी की जा रही है। चयनित हर स्कूल को इंटरनेट और डीटीएच से जोड़ा जाएगा। स्कूल को कम्प्यूटर दिया जाएगा। इन कम्प्यूटरों के माध्यम से संबंधित स्कूल के विद्यार्थी तकनीकी शिक्षा का लाभ लेंगे। आईसीटी योजना के तहत गवर्नमेंट स्कूल को छात्र-छात्राओं के लिए टेक्नोलॉजी फ्रेंडली बनाने 2023-24 में राज्य परियोजना कार्यालय से समग्र शिक्षा से स्वीकृति मिल गई है।

वेबकैम से जुड़ सकेंगे शिक्षक चयनित हाई व हायर सेकेंडरी स्कूल वेबकैम और कान्फ्रेंस माइक से जुड़ा रहेगा। वेबकैम की मदद से बाहरी शिक्षक जुड़ेंगे और विद्यार्थियों की क्लास लेंगे। विद्यार्थी भी शिक्षक से सवाल-जवाब कर पाएंगे। इसके अतिरिक्त स्कूल में डीटीएच सुविधा, स्मार्ट क्लासरूम के लिए स्क्रीन, पेन ड्राइव, हार्ड डिस्क, स्पीकर, केबल, कान्फ्रेंस माइक, वेबकैम ई-पाठ्य सामग्री एवं अन्य जरूरी सामान लगाए जाएंगे।

आचार संहिता लागू होने के बाद काम शुरू होगा ट्रआईसीटी योजना के तहत जिले के शासकीय हाई और हायर सेकंडरी स्कूल में स्मार्ट क्लास रूम बनाया जाएगा। क्लास रूम बन जाने के बाद हाई व हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं को सुविधा मिलेगी, छात्र-छात्राएं डिजिटल पढ़ाई कर पाएंगे। क्लास रूम बनाने के लिए चयनित स्कूल का निरीक्षण किया जाएगा। आचार संहिता के बाद काम शुरू किया जाएगा। **-एसएल जोशी, जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा**-47 लाख 88 हजार रुपए होंगे खर्च आईसीटी योजना में चयनित स्मार्ट क्लास रूम बनने के बाद विद्यार्थियों को किताबों की पढ़ाई कंप्यूटर पर ऑनलाइन करवाई जाएगी। योजना में 126 स्कूलों का चयन होगा। एक स्कूल में स्मार्ट क्लास रूम बनाने में 38 हजार रुपए खर्च होंगे । इस हिसाब से 47 लाख 88 हजार रुपए खर्च किए जाएंगे। स्कूल में डीटीएच कनेक्शन व इंटरनेट शुल्क के लिए 12 हजार रुपए दिए जाएंगे।

### चुनाव के 48 घंटे पूर्व से बंद रहेंगी शराब दुकानें

**जांजगीर-चांपा।** लोकसभा निर्वाचन के तृतीय चरण के मतदान तिथि 7 मई निर्धारित की है। जिले में स्थित समस्त मदिरा दुकानों को मतदान समाप्ति के 48 घण्टे पूर्व से 5 मई को शाम 6 बजे से 7 मई तक पूरे दिन के लिए और मतगणना 4 जून को जिले के देशी व विदेशी मदिरा दुकान जांजगीर, देशी व विदेशी मदिरा दुकान नैला, प्रीमियम शॉप जांजगीर, देशी कंपोजिट मदिरा दुकान खोखरा, देशी कंपोजिट मदिरा दुकान पिसौद, देसी कंपोजिट मदिरा दुकान सरखों व मद्यभाण्डागार जांजगीर को बंद रखा जाएगा।



## अनमोल वचन

आपके कर्म ही आपकी पहचान है, वरना एक ही नाम के तो, इस दुनिया में हज़ारों इंसान हैं।

## मुलायमियत न बरती जाए

हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले के कनीना में उन्हाणी गांव के करीब स्कूल बस के पेड़ से टकाराने पर छह बच्चों की मौत वाकई दिल कचोटने वाली है। हादसे के वक्त चालक नशे में था। बस में 43 बच्चों समेत एक शिक्षिका भी थी। भिड़ंत इतनी भीषण थी कि 34 छात्र घायल हो गए, जिनमें से नौ आईसीयू में हैं। बस चालक, प्रधानाचार्या और स्कूल सचिव को तत्काल गिरफ्तार कर लिया गया। चालक तेज गति से वाहन चला रहा था, मोड़ पर संतुलन खोने से बच्चे खिड़कियों से बाहर उछल कर गिर गए। मरने वाले छात्र 13 से 16 साल की उम्र वाले हैं। हादसे के बाद प्रशासन और नेताओं ने रस्मादायगी करने में देर नहीं की। इस दुर्घटना में पूर्व मंत्री के परिवार का बच्चा भी मारा गया है। दिल दहलाने वाले इस घटना की उच्चस्तरीय जांच करवाई जाएगी। साथ ही, विद्यालय पर सख्त कार्रवाई की बात भी हो रही है। पुनः यह बात नहीं की जा रही कि छात्रों की जिंदगी को जोखिम में डालने वालों पर नकेल कैसे डाली जाए। देश भर से कहीं-न-कहीं से इस तरह के हादसों की खबरें आती रहती हैं। स्कूलों के लिए विभिन्न नियम बनाए जाते हैं मगर उनको निर्धारित करने और उन्हें सख्ती से लागू करने वालों को जिम्मेदार नहीं बनाया जाता। थोक के भाव में गली-गली स्कूल खोले जा रहे हैं, उन पर दूर-दराज से बच्चों को लाने-ले जाने की परिवहन व्यवस्था करनी होती है जिसके प्रति बेहद लापरवाही बरती जाती है। जब भी इस तरह के हादसे महानगरों के बाहर होते हैं तो उन्हें उतनी गंभीरता से नहीं लिया जाता। शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय समेत संबंधित अधिकारियों को भी अहसास कराया जाना जरूरी है कि उन्होंने घोर लापरवाही बरती है। गैर-जिम्मेदारी सिर्फ मोटी रकम वसूलने वाले निजी विद्यालय ही करते, बल्कि सरकारी स्कूलों की स्थिति और भी खराब है। अभिभावकों के पास प्रायः न्यूनतम अधिकार होते हैं, उनकी शिकायतों की अनसुनी की जाती है।

यदि वे सख्ती से किसी तरह की आलोचना करते हैं तो बच्चे के प्रति अनुचित बर्ताव होने की आशंकाएं बढ़ जाती हैं, या उन्हें स्कूल से निलंबित करने की धमकियां दी जाती हैं। हादसे के बाद नये-नये नियम लादने से भी कोई सुधार नहीं होने वाला। मारे गए बच्चों के अभिभावकों की क्षतिपूर्ति तो असंभव है, मगर देश भर के शेष छात्रों के जीवन को जोखिम में डालने वालों के साथ किसी भी तरह की मुलायमियत न बरती जाए।

## राशिफल

मेष राशि- आज पारिवारिक सुख में वृद्धि होगी। आपकी पहले से चली आ रही समस्याओं का समाधान मिलेगा, जिससे आपके मन में खुशी रहेगी। परिवार में धार्मिक काम की योजना बन सकती है। आप अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए कुछ अच्छे बदलाव करने की कोशिश करेंगे। आप लम्बे समय तक स्वस्थ रहे इसके लिए आपको अच्छी डाइट लेनी चाहिए।

वृष राशि- आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। कुछ दिनों से चल रही घरेलू समस्याएं आज खत्म होगी। राजनीति व सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन फेवरेबल रहेगा। महिलाओं के लिए दिन शानदार रहेगा। बिजनेस मैन आज कोई जरुरी मीटिंग अटेंड कर सकते हैं। आज किसी से लिए उधार से छुटकारा मिलेगा, आप राहत महसूस करेंगे। मिथुन राशि- आज का दिन करियर में नया बदलाव लायेगा। आज नवरात्र के सातवें दिन मां कालरात्रि आपके परिवार में सुख-शांति बनाये रखेगी। आज बिजनेस के क्षेत्र में आपको बड़ा धन लाभ होगा।

कर्क राशि- आज आपका दिन बेहतर है। अगर किसी बिजनेस ट्रिप के लिए आप बाहर जा रहे हैं, तो घर के बड़े-बुजुर्ग का आशीर्वाद लेकर जाएं। आपका काम सफल होगा। आज आपके जीवनसाथी को तरक्की का अच्छा अवसर मिलेगा। कोरियर का बिजनेस कर रहे कारोबारियों को आज फायदा होगा। आज अपनी सेहत का खास ख्याल रखे। दुर्गा माँ को गुड़ से बनी चीजों का भोग लगायें, रुके हुए कार्यों में सफलता मिलेगी।

सिंह राशि- आज आपका दिन खास रहने वाला है। आपका ध्यान काम को पूरा करने में लगा रह सकता है। ऑफिस में किसी काम को लेकर थोड़ा विचार- विमर्श करना पड़ सकता है, शत्रुपक्ष आपकी योजनाओं से ज्यादा प्रभावित हो सकते हैं। इस राशि के जो लोग अपना बिजनेस करते हैं, उन्हें मुनाफा मिलने की संभावना है। आज आप सोच-विचार में रहेंगे। माता को लाल चुनरी चढ़ाएं, विवाह में आ रही दिक्कते दूर होंगी।

कन्या राशि-आज का दिन मिला-जुला रहने वाला है। आप परिवार के साथ [ ालिटी टाइम स्पेंड करेंगे, इससे आपके रिश्ते बेहतर होंगे। दोस्तों के साथ घर पर ही मूवी देखने का प्लानिंग कर सकते हैं। आपकी मुलाकात किसी ऐसे व्यक्ति से होगी, जिससे आपको भविष्य में फायदा हो सकता है। किसी खास काम में आपको सफलता मिलेगी साथ ही साथ आपके मन में नए-नए विचार आ सकते हैं। माता को लौंग अर्पित करें, पदोन्नति के अवसर प्राप्त होंगे।

तुला राशि- आज आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। एकाग्र मन से किया गया काम लाभदायक साबित होगा। लवमेट के लिए आज का दिन बढ़िया है। साथ ही किसी अच्छे रेस्टोरेन्ट में लंच करने जा सकते हैं। किसी जिम्मेदारी को अनदेखा करने से आपको बचना चाहिए। आपकी सेहत ठीक-ठाक रहेगी। आप कम से कम समय में काम निपटाने की कोशिश करेंगे।

वृश्चिक राशि-आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आज आप किसी बात को लेकर उलझन में रहेंगे, जिसे आप अपने किसी ख़ास मित्र से शेयर भी करेंगे आपको राहत मिलेगी। परिवार के साथ बाहर मूवी का प्लान बन सकता है। दोस्तों की बर्थडे पार्टी मे जाएंगे, जहां बाकी दोस्तों के साथ इंज्वाय करने का मौका मिलेगा। कोई नई स्किल सीख सकते है जिसका लाभ आपको भविष्य में जरूर मिलेगा।

धनु राशि-आज का दिन आपके लिए ठीक रहने वाला है। आपका अच्छा व्यवहार समाज में अलग पहचान बनाने में मदद करेगा। घर पर डेकोरेशन का काम भी करवा सकते हैं। कांट्रेक्टर के लिए आज का दिन धनलाभ देने वाला है। आज अपने डेली रूटीन में आप कुछ बदलाव कर सकते हैं। किसी काम को करने का नया तरीका बिजनेस मे फायदा करायेगा।

मकर राशि-आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। अपने बिजनेस को बढ़ाने के लिए आपको नये अवसर मिलेंगे। किसी को उधार दिया हुआ पैसा आज आपको अचानक वापस मिल सकता है। व्यापार में किसी व्यक्ति से फायदा मिलने की उम्मीद बढ़ेगी। आपका उत्साह भी बढ़ेगा। भाई-बहनों से आपको पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। आज घर में कोई फंक्शन होने से आपके शेड्यूल में बदलाव आ सकता है। आज नवरात्र के सातवें दिन मां कालरात्रि को हाथ जोड़कर प्रणाम करें, आपके साथ सब अच्छा रहेगा।

कुंभ राशि- आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स का दिन राहत भरा होगा नया शेड्यूल बनाने का भी विचार कर सकते हैं। आज ऑफिस में फोन का इस्तेमाल कम से कम करेंगे और अपने काम पर पूरा फोकस करेंगे। पैसों के मामलों में लोगों पर जरूरत से ज्यादा भरोसा करने से बचना चाहिए। किसी को उधार पैसा देने में सोच-विचार करना बेहतर रहेगा।

मीन राशि- आज आपको अचानक नए स्रोतों से धन मिलेगा, जो आपके दिन को खुशनुमा बना देगा। सामाजिक कामों में आपकी रूचि बढ़ सकती है। आपको जीवनसाथी से काम में पूरा सहयोग मिलेगा। व्यापार में साझेदारी से आपको लाभ हो सकता है। आप चीज़ों को बेहतर ढंग से समझने की कोशिश करेंगे।

# सांप्रदायिक और विभाजनकारी प्रवृत्ति के विरुद्ध खड़ा होने की जरूरत

//अवधेश कुमार//

**समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने गाजीपुर में मुख्तार अंसारी के घर जाकर उसे महान और मसीहा साबित करने की उस अभियान को आगे बढ़ाया जो उसकी मौत के समय से ही चल रहा है। उन्होंने कहा कि जनता ने जेल में रहते हुए मुख्तार को पांच बार विधायक बनाया तो इसका मतलब है कि वह जनता के दुख दर्द में शामिल रहे और उसी का परिणाम है कि जनाजे में इतनी अधिक भीड़ उमड़ी। उन्होंने बांदा जेल में मुख्तार की मृत्यु पर सरकार को घेरा तथा उसकी तुलना रूस में बिना नाम लिए विपक्ष के नेता एलेक्सी नवलनी की जेल में हुई मृत्यु से कर दी।**

मुख्तार अंसारी पिछले लंबे समय से जब भी वीडियो में आया काफी कमजोर दिखता था। व्हीलचेयर पर ही उसके बाहर निकलने या अंदर जाने की तस्वीरें आई थीं। उसकी मेडिकल रिपोर्ट में अनेक बीमारियां लिखी हुई है। इतनी बीमारी से ग्रस्त व्यक्ति की कभी भी किसी कारण से मृत्यु हो सकती है। वैसे भी बाहुबल और धनबल की बदौलत बादशाहत कायम करने की मानसिकता में जीने वाले व्यक्ति को जेल में आम अपराधी की तरह व्यवहार से मानसिक आघात लगना बिल्कुल स्वाभाविक है।

प्रचार यही हो रहा है कि उसे मारा गया है। कुछ दिनों से उसके परिवार और वकील धीमा जहर देने का आरोप एक रणनीति के तहत लग रहे थे, जिसका उद्देश्य जमानत दिलाना या मन मुताबिक किसी जेल में शिफ्ट कराना था। मृत्यु से कुछ दिनों पहले बेटे से बातचीत के ऑडियो से उसके काफी अस्वस्थ व कमजोर होने के साथ गहरी निराशा में डूबे होने का पता भी चलता है। उसकी मृत्यु पर सपा, बसपा या कुछ अन्य पार्टीयों, मजहबी नेताओं आदि ने जिस ढंग का माहौल बनाया है उसने आम व्यक्ति को उद्वेलित किया है। ऐसा कोई कारण नहीं दिखता जिससे प्रशासन या जेल या सरकार उसे तत्काल गैरकानूनी तरीके से मारने का कदम उठाए। इस समय उसकी मृत्यु से किसी को कुछ भी प्राप्त नहीं होने वाला था। योगी आदित्यनाथ सरकार की दृष्टि से यह स्थिति ज्यादा अनुकूल थी। मृत्यु के बाद उसे गरीबों का मसीहा और नायक बनाया जाना भय पैदा करता है।

जितनी संख्या में उसके नमाज ए जनाजा में लोग शामिल हुए वह सामान्य अवस्था का द्योतक नहीं है। किसी उदारवादी, समाज हितैषी, हिंदू-मुस्लिम एकता के लिए काम करने वाले मुसलमान की मृत्यु पर न ऐसी प्रतिक्रियाएं आतीं हैं न इतने लोग इकट्ठे होते हैं और न उनमें भावविह्वलता और आक्रामकता देखी जाती है। इसके विपरीत चाहे मुख्तार अंसारी हो, बिहार का बाहुबली सैयद शहाबुद्दीन, अतीक अहमद या मुंबई बम विस्फोटों का आतंकवादी टाइगर मेनन उनके जनाजे में इतने बड़े जन समूह का उभरना मुस्लिम समाज के अंदर बढ़ती ऐसी प्रवृत्ति है, जिससे डरने और जिसको हर हाल में रोके जाने की आवश्यकता है। मुख्तार अंसारी न्यायालय द्वारा सिद्ध माफिया, हत्यारा, अपहरणकर्ता, सांप्रदायिक दंगा करने वाला बाहुबली था। 65 से ज्यादा मुकदमे उसके नाम पर थे जिनमें आठ में उसे सजा दी जा चुकी थी। इनमें दो में उम्र कैद की सजा थी। न्यायालय द्वारा घोषित सजा प्राप्त अपराधी को मुसलमानों का नायक, गरीबों का मसीहा बताया जाए तथा राजनीतिक पार्टीयां और नेता उसके पक्ष में बयान दें इससे ज्यादा डरावना देश के लिए कुछ नहीं हो सकता। वे सरकार और पुलिस प्रशासन के साथ न्यायपालिका पर भी प्रश्न उठा रहे हैं।

2013 में मुंबई बम विस्फोटों के अपराधी टाइगर मेनन के जनाजे में मुंबई में उमड़ी भीड़ ने पहली बार देश को हैरत में डाला था। उस समय से यह एक स्थापित प्रवृत्ति है। अतीक अहमद की हत्या पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर प्रश्न था लेकिन उसकी मृत्यु पर विशेष नमाज जगह-जगह अदा कर जन्नत की दुआ करना किस बात का द्योतक था। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की मृत्यु पर इस तरह का दृश्य नहीं था। वस्तुतः उनके जनाजे में हिंदुओं की संख्या सर्वाधिक थी। कांग्रेस के शासनकाल से उत्पन्न राजनीति के अपराधीकरण के भयावह दौर में ऐसे अपराधी और बाहुबली, जिन्हें जेल में होना चाहिए वो माननीय विधायक और सांसद बनकर नीति-नियंता बन गए। अतीक, अंसारी या शहाबुद्दीन जैसों की एकमात्र योग्यता यही थी कि वो अपने अपराध के बल पर साम्राज्य कायम कर चुके थे तथा एक क्षेत्र विशेष में चुनाव जीतने-जिताने में सक्षम थे। इसी कारण सपा-बसपा दोनों ने उन्हें महत्व दिया और कांग्रेस पार्टी का भी उन्हें समर्थन ही रहा। जरा सोचिए, मुख्तार अंसारी ने उत्तर प्रदेश के वर्तमान कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के बड़े भाई अवधेश राय की सरेआम हत्या करवाई और आज कांग्रेस उसे अपराधी तक कहने के लिए तैयार नहीं है। कांग्रेस ने उसे बचाने के लिए उत्तर प्रदेश से पंजाब की रोपड़ जेल में शिफ्ट कराया तथा उसे वापस न लाया जा सके इसके लिए सर्वोच्च अदालत तक लड़ाइयां लड़ी। ऐसी पार्टीयों के होते क्या उसे सजा मिल सकती थी।

ये पार्टियां भूल रही हैं कि देश ने राजनीति के अपराधीकरण और अल्पसंख्यकवाद के दौर को पीछे छोड़ दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की केंद्र या फिर राज्यों में सरकार गठित होने के पीछे भी हिन्दुत्व, राष्ट्रवाद, विकास, जन कल्याण के साथ अपराध और भयमुक्त माहौल की उम्मीद भी बहुत बड़ा कारण रहा है। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 2022 में भाजपा सरकार की वापसी का सबसे बड़ा कारण यही था कि अपराधी और माफिया के विरुद्ध अविसनीय स्तर तक कार्रवाई हुई। योगी आदित्यनाथ केवल उत्तर प्रदेश नहीं, बल्कि देश में आम लोगों के बीच अपराधियों व माफियाओं के विरुद्ध किसी भी दबाव से परे अडिग रहते हुए कठोरता से कार्रवाई करने वाले नायक के रूप में खड़े हुए हैं तो इसी कारण। उप्र में सभी समुदायों के आम आदमी की प्रक्रिया होती है कि हम अब निर्भय होकर सड़कों पर चल सकते हैं। इसलिए बसपा, सपा या कांग्रेस या अन्य पार्टियां अगर मानती है कि ऐसे अपराधियों के पक्ष में खड़ा होकर वे मुस्लिम वोटों से फिर विजय प्राप्त कर सत्ता पा लेंगे तो यह सपना पूरा नहीं होने वाला। पर इस व्यवहार के कारण सांप्रदायिक तत्वों द्वारा फैलाया गया खतरनाक झूठ कि मुसलमानों की चुन-चुन कर हत्याएं हो रही हैं- देश में सांप्रदायिक तनाव का वातावरण पैदा कर रहा है। ऐसी राजनीति और एक्टिविज्म भयभीत करने वाली है। मुख्तार जैसे लोग समाज के नायक नहीं खलनायक हैं। खलनायक को नायक बनाने की सांप्रदायिक और विभाजनकारी प्रवृत्ति के विरुद्ध डटकर खड़ा होने की आवश्यकता है।

# अरुणाचल प्रदेश में विपक्ष की भूमिका निभाने में विफल रही कांग्रेस को क्या माफ किया जाना चाहिए

//नीरज कुमार दुबे //

**राज्य में दशकों तक शासन करने वाली कांग्रेस की इस समय क्या स्थिति है इसे इस बात से भी समझ सकते हैं कि 10 सीटों पर निर्विरोध निर्वाचन के बाद जिन 50 विधानसभा सीटों के लिए चुनाव कराया जा रहा है उसमें भी कांग्रेस ने सिर्फ 19 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े किये हैं। कांग्रेस और विपक्ष के तमाम नेता दिल्ली में बैठ कर दावे करते हैं कि लोकतंत्र को कुचला जा रहा है, देश में तानाशाही का माहौल बनाया जा रहा है और विपक्ष को जांच एजेंसियों का डर दिखाया जा रहा है। लेकिन जब आप राज्यों में जाकर देखेंगे तो पाएंगे कि विपक्ष अपनी भूमिका सही ढंग से नहीं निभा रहा है। इस बात का सबसे सशक्त उदाहरण अरुणाचल प्रदेश है। अरुणाचल प्रदेश में विधानसभा और लोकसभा के चुनाव साथ ही हो रहे हैं। राज्य में लोकसभा की दो सीटें हैं जबकि विधानसभा की 60 सीटें हैं। इस चुनाव को लेकर विपक्ष कितना गंभीर है इसका अंदाजा आपको इस बात से ही लग जायेगा कि दस विधानसभा सीटें भाजपा चुनाव से पहले ही निर्विरोध जीत चुकी है क्योंकि इन दस सीटों पर विपक्ष का कोई भी दल अपना उम्मीदवार नहीं खड़ा कर सका।**



राज्य में दशकों तक शासन करने वाली कांग्रेस की इस समय क्या स्थिति है इसे इस बात से भी समझ सकते हैं कि 10 सीटों पर निर्विरोध निर्वाचन के बाद जिन 50 विधानसभा सीटों के लिए चुनाव कराया जा रहा है उसमें भी कांग्रेस ने सिर्फ 19 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े किये हैं। यानि कांग्रेस राज्य की 60 में से सिर्फ 19 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। इसका मतलब यह है कि वह यह चुनाव जीतने के लिए या सरकार बनाने के लिए लड़ ही नहीं रही है। सवाल उठता है कि क्या यही है लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका। सवाल उठता है कि जो दल विपक्ष की भूमिका के साथ न्याय नहीं कर पा रहा वह यदि सत्ता में आया तो क्या कर पायेगा। देखा जाये तो विपक्ष अपनी भूमिका सही ढंग से नहीं निभाये तो लोकतंत्र को खतरा हो सकता है। इसलिए मतदाताओं को चाहिए कि कांग्रेस को मुख्य विपक्ष की भूमिका से भी कुछ समय के लिए बाहर कर किसी और दल को यह अवसर दें। आप विडंबना देखिये कि अरुणाचल प्रदेश में कांग्रेस ने जिन 19 उम्मीदवारों को उतारा है उसमें से 17 नये चेहरे हैं। बताया जा रहा है कि कांग्रेस का टिकट लेने के लिए कोई पुराना नेता राजी ही नहीं था इसलिए नये चेहरों को आगे बढ़ाया गया है। संभवतः यही कारण है कि राहुल गांधी ने अरुणाचल प्रदेश में अपनी पार्टी का चुनाव प्रचार नहीं किया जबकि वह अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा लेकर इस साल के शुरू में अरुणाचल पहुँचे थे।चुनावों में जनता से किये जा रहे वादों की बात करें तो कांग्रेस एक ओर जहां तमाम तरह के न्यायों की गारंटी देने की बात कर रही है वहीं भाजपा ने विकसित भारत, विकसित अरुणाचल प्रदेश नामक संकल्प पत्र में तमाम वादे जनता से किये हैं। महिला सशक्तिकरण, राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और आधुनिकीकरण, युवाओं के लिए तमाम सहूलियतें, सरकार की जवाबदेही, राज्य की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए कई और कदम उठाने, राज्य की संस्कृति और पर्यटन को बढ़ावा देने, सबका साथ सबका विकास के सिद्धांत पर आगे बढ़ते रहने, किसानों को आर्थिक दृष्टि से मजबूत बनाने और राज्य की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाने जैसे कई प्रमुख वादे किये गये हैं जोकि जनता को भा रहे हैं। आप पूरे अरुणाचल प्रदेश में पाएंगे कि कांग्रेस चुनाव प्रचार से पूरी तरह गायब है जबकि भाजपा के नेता और कार्यकर्ता गली-गली घूम रहे हैं। वैसे अरुणाचल प्रदेश की यह बात अच्छी लगी कि यहां राजनीतिक पार्टियां उत्तर भारत की तरह अनाप शनाप खर्चे नहीं करतीं। यहां लगातार बड़ी रैलियां आयोजित करने से बचा जाता है और लाउडस्पीकरों पर दिनभर अपने उम्मीदवार के लिए प्रचार करते चुनावी वाहनों से मचने वाले शोर भी नहीं सुनाई देते। यहां घर-घर संपर्क और सामाजिक रूप से होने वाले जन एकत्रिकरण के दौरान लोगों को अपने वादों और उपलब्धियों से अवगत कराया जाता है। अरुणाचल प्रदेश में उम्मीदवारों की बात करें तो 50 विधानसभा सीटों के लिए कुल 133 उम्मीदवार मैदान में हैं। सभी सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान होगा। पहले विधानसभा चुनावों की मतगणना लोकसभा चुनावों की मतगणना वाले दिन ही कराने का ऐलान किया गया था लेकिन राज्य विधानसभा का कार्यकाल खत्म होने के चलते अब दो जून को ही पता चल जायेगा कि राज्य में किस पार्टी की सरकार बनेगी। हम आपको बता दें कि भाजपा के जिन 10 उम्मीदवारों ने निर्विरोध जीत हासिल की है उनमें मुख्यमंत्री पेमा खांडू भी शामिल हैं। भाजपा यहां सामूहिक नेतृत्व में चुनाव लड़ रही है इसलिए सवाल उठता है कि क्या बहुमत मिलने पर पेमा खांडू ही फिर से मुख्यमंत्री बनेंगे या राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ की तरह भाजपा यहां भी किसी नये चेहरे को आगे करेगी। विधानसभा चुनावों में भाजपा ने सभी 50 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं जबकि विपक्षी कांग्रेस केवल 19 सीटों पर लड़ रही है। इसके अलावा, मेघालय स्थित एनपीपी ने 20 सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं जबकि एनसीपी 14 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। पीपुल्स पार्टी ऑफ अरुणाचल (पीपीए) 11 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। इसके अलावा, अरुणाचल डेमोक्रेटिक पार्टी ने चार सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं, जबकि लोक जनशक्ति पार्टी (एलजेपी) एक सीट से लड़ रही है। इसके अलावा 14 निर्दलीय उम्मीदवार भी मैदान में हैं।

आंकड़ों के मुताबिक कुल 80 उम्मीदवार पहली बार चुनाव लड़ रहे हैं। विधानसभा चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों में आठ महिलाएं हैं- जो राज्य में अब तक के किसी भी विधानसभा चुनाव में सबसे अधिक संख्या है। भाजपा ने चार महिलाओं को मैदान में उतारा है, जबकि कांग्रेस ने तीन महिलाओं को मैदान में उतारा है और एक महिला निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में भी चुनावी मैदान में है। दूसरी ओर, अरुणाचल प्रदेश की दो लोकसभा सीटों की बात करें तो यहां कुल 14 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। अरुणाचल पश्चिम सीट पर आठ उम्मीदवार और अरुणाचल पूर्व सीट पर छह उम्मीदवार मैदान में हैं। एक साथ होने वाले चुनावों में कुल 8,86,848 लोग मतदान करने के पात्र हैं। राज्य में कुल 2,226 मतदान केंद्र हैं और उनमें से 228 तक ही पैदल पहुंचा जा सकता है। लोंगडिंग विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या 2-पुमाओ प्राइमरी स्कूल में मतदाताओं की संख्या सबसे अधिक 1,462 है, जबकि ह्युलियांग निर्वाचन क्षेत्र के मालोगम गांव में केवल एक मतदाता है। इसके अलावा, तवांग जिले के मुक्तो निर्वाचन क्षेत्र में मतदान केंद्र संख्या 18-लुगुथांग राज्य का सबसे ऊंचा मतदान केंद्र है, जो 13,383 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। बहरहाल, कुल मिलाकर देखें तो ऐसा लगता है कि यह शांत प्रदेश इस बात को तय कर चुका है कि राज्य और देश के हित में किस पार्टी की सरकार बनानी है।

## तस्वीरों की दुनिया



केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता अमित शाह मणिपुर के इम्फाल में लोकसभा चुनाव से पहले एक सार्वजनिक रैली में बोलते हुए।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नवादा में लोकसभा चुनाव से पहले एक चुनावी रैली के दौरान समर्थकों का अभिवादन करते हुए।



दिल्ली शराब नीति मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा नई दिल्ली में पेश किए जाने के बाद बीआरएस नेता के कविता राउज एवेन्यू कोर्ट से बाहर निकल गईं।




लोकसभा चुनाव से पहले बसपा प्रमुख मायावती ने मुरादाबाद में एक चुनावी रैली को संबोधित किया।



राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने जयपुर में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया।



कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने लोकसभा चुनाव से पहले अलवर में रोड शो किया।

# आपके बैठने का स्टाइल खोलता है आपकी पर्सनैलिटी की पोल?



**क्या आप जानते हैं कि आपका बैठने का तरीका आपके व्यक्तित्व के बारे में बहुत कुछ कहता है? हर व्यक्ति का बैठने का एक अलग स्टाइल होता है, और यह स्टाइल उनकी पर्सनैलिटी के कुछ खास पहलुओं को दर्शाता है. आज हम आपको 8 ऐसे बैठने के तरीके बताएंगे जो आपके बारे में दिलचस्प जानकारियां देंगे. ये तरीके यह बताएंगे कि आपका बैठना आपके व्यक्तित्व के बारे में क्या कहता है. चलिए देखते हैं कि आपके बैठने की स्टाइल से हम क्या-क्या जान सकते हैं.**

पैर पर पैर चढ़ाकर बैठना

अगर आप अक्सर एक पैर को दूसरे पैर पर चढ़ाकर बैठते हैं, तो यह बताता है कि आप बहुत शांत और सब्र वाले इंसान हैं. आपके अंदर सोचने-समझने की अच्छी खासी क्षमता होती है. आप हर स्थिति को बड़े ध्यान से देखते हैं और समझते हैं. इससे आपको अपने आस-पास के माहौल का अच्छा अंदाजा होता है. आपका यह बैठने का तरीका दिखाता है कि आप गहराई से विचार करने वाले और शांत स्वभाव के व्यक्ति हैं, जो हर चीज को बारीकी से अनुभव करते हैं.

कुर्सी पर आगे की ओर झुककर बैठना

अगर आप कुर्सी पर आगे की ओर झुककर बैठते हैं, तो यह बताता है कि आप बहुत जिज्ञासु और उत्सुक होते हैं. इस तरह बैठने से पता चलता है कि आप जो भी काम करते हैं, उसमें अपनी पूरी ऊर्जा लगा देते हैं और हर चीज को बारीकी से जानने की कोशिश करते हैं. यह मुद्रा यह भी दर्शाती है कि आप किसी भी टास्क को लेकर कितने समर्पित हैं और उसे पूरा करने के लिए आप कितना प्रयास करते हैं. आपका यह बैठने का ढंग आपको एक गंभीर और मेहनती इंसान के रूप में पेश करता है, जो अपने काम को लेकर बहुत ही जागरूक और चौकस रहता है.

कुर्सी पर पीछे की ओर झुककर बैठना

अगर आप कुर्सी पर पीछे की ओर झुककर बैठते हैं, तो यह दर्शाता है कि आप बहुत रिलैक्स्ड होते हैं और जिंदगी को लेकर ज्यादा परेशान नहीं होते. यह मुद्रा बताती है कि आप दोस्ताना स्वभाव के इंसान हैं और नए लोगों से मिलने में हिचकिचाते नहीं हैं. आप आसानी से लोगों से घुलमिल जाते हैं और सबके साथ अच्छा बर्ताव करते हैं. यह सब आपकी इस बैठने की शैली से पता चलता है. आपका यह तरीका लोगों को बताता है कि आप खुले दिल और मन से जीवन जीते हैं.

सीधे तरीके से बैठना

जब कोई व्यक्ति सीधा बैठता है, तो इससे उसका आत्मविश्वास साफ झलकता है. इस तरह बैठने वाले लोगों में खुद पर काबू रखने की क्षमता होती है, और वे हर सिचुएशन को अच्छे से संभाल लेते हैं. यह मुद्रा ये भी दिखाती है कि उनमें लोगों को लीड करने की ताकत है. ऐसे लोग अपनी बातों और फैसलों से दूसरों का विश्वास जीत लेते हैं. उनका यह सीधा बैठना उन्हें दूसरों की नजर में भरोसेमंद और सम्मानित बनाता है.

एड़ियों को क्रॉस करके बैठना

अगर कोई अपनी एड़ियों को क्रॉस करके बैठता है, तो यह बताता है कि वह शायद थोड़ा शर्मीला है और अपने आप को छुपाना चाहता है. ऐसे लोग खुद को सबके सामने जल्दी नहीं खोलते. वे नई जगह पर या नए लोगों के बीच में अपने आपको संभाल कर रखते हैं और ज्यादा बात नहीं करते. इस तरह का बैठना यह भी दिखाता है कि वह अंदर से थोड़ा डरा हुआ भी हो सकता है.

हाथों को गोद में बांधकर बैठना

अगर आप अक्सर अपने हाथों को गोद में बांधकर बैठते हैं तो आप शांत और गंभीर हैं. यह दिखाता है कि आप अपने विचारों में बहुत गहरे तक जाते हैं. यह मुद्रा बताती है कि आप बहुत सोच-विचार करने वाले और इंट्रोवर्ट टाइप के व्यक्ति हो सकते हैं. आप अपने आस-पास की चीजों पर गहराई से ध्यान देते हैं.

फर्श पर क्रॉस-लेग्ड बैठना

अगर कोई व्यक्ति फर्श पर पैरों को क्रॉस करके बैठता है, तो इससे पता चलता है कि वह बहुत ही रचनात्मक और कल्पनाशील होता है. ऐसे लोग अपने विचारों में गहरे डूबे रहते हैं और उनकी सोच बिलकुल अलग होती है. वे अपनी एक अलग ही दुनिया में रहते हैं और चीजों को एक नये तरीके से देखते हैं. यह बैठने का तरीका उन्हें दूसरों से अलग पहचान दिलाता है.

दोनों हाथों से कुर्सी की बाहें पकड़ कर बैठना

जब कोई व्यक्ति कुर्सी की बाहों को दोनों हाथों से कस कर पकड़े रहता है, तो इसका मतलब होता है कि वह खुद को स्थिर और सुरक्षित महसूस करना चाहता है. ऐसे लोगों को लगता है कि वे अपने आसपास की चीजों पर अच्छे से नियंत्रण रख सकते हैं. यह बैठने की मुद्रा यह भी दिखाती है कि उन्हें अपनी जगह पर सुरक्षित और नियंत्रित रहना अच्छा लगता है. इससे वे अपने वातावरण में खुद को ज्यादा आश्वस्त और आरामदायक महसूस करते हैं.

## वर्कआउट के दौरान ज्यादा पानी पीना हो सकता है खतरनाक, जानें कैसे?



वर्कआउट के दौरान पानी पीना तो जरूरी है, पर क्या आपको पता है कि बहुत ज्यादा पानी पीने से भी समस्या हो सकती है? जी हां, वर्कआउट करते समय अगर आप बहुत अधिक पानी पी लेते हैं, तो यह आपके हेल्थ के लिए खतरनाक हो सकता है. आइए आज हम जानते हैं कि वर्कआउट के वक्त ज्यादा पानी पीने से क्या खतरे हो सकते हैं और आपको अपने पानी पीने की मात्रा का सही तरीके से कैसे ध्यान रखना चाहिए. हम आपके लिए कुछ आसान और फायदेमंद टिप्स भी बताएंगे ताकि आप हेल्दी रह सकें. **हाइपोनैट्रेमिया का खतरा**-वर्कआउट के दौरान अगर हम जरूरत से ज्यादा पानी पी लेते हैं, तो हमारे खून में सोडियम का स्तर कम हो सकता है. इसे हाइपोनैट्रेमिया कहते हैं, जो कि बहुत खतरनाक हो सकता है. सोडियम हमारे शरीर के लिए बहुत जरूरी है क्योंकि यह नर्व्स और मसल्स के काम करने में मदद करता है.**लक्षण जो बताते हैं खतरा**-ज्यादा पानी पीने के बाद अगर आपको सिरदर्द, उलझन, थकान या जी मिचलाना महसूस हो रहा है, तो ये हाइपोनैट्रेमिया के लक्षण हो सकते हैं. ऐसे में तुरंत पानी पीना बंद कर दें और डॉक्टर से संपर्क करें.**सही मात्रा में पानी पिएं**-हर व्यक्ति की शरीर की जरूरत अलग होती है. आम तौर पर, वर्कआउट के दौरान हर 20 मिनट में करीब 240 मिलीलीटर पानी पीना चाहिए. लेकिन यह मात्रा आपकी शारीरिक गतिविधि, मौसम, और पसीने की मात्रा पर निर्भर करती है. वर्कआउट से पहले और बाद में पानी पीने के साथ-साथ, इलेक्ट्रोलाइट्स से भरपूर ड्रिंक्स का सेवन करें. ये ड्रिंक्स सोडियम और पोटेशियम से भरपूर होते हैं जो हाइपोनैट्रेमिया के खतरे को कम करते हैं. **व्यायाम से पहले पानी पिएं** - व्यायाम से पहले और व्यायाम के दौरान पानी पीना कितना जरूरी है, ये जानना बहुत जरूरी है. व्यायाम से पहले अगर आप अच्छी मात्रा में पानी पीते हैं, तो यह आपके शरीर को हाइड्रेटेड रखता है और आपकी ऊर्जा बनाए रखता है. इससे आप ज्यादा देर तक और अच्छे से व्यायाम कर पाते हैं.व्यायाम करते समय भी, हर 20 मिनट में कुछ पानी पीना चाहिए ताकि आप थकान महसूस न करें और आपका शरीर अच्छी तरह से काम करता रहे. यह आपको डिहाइड्रेशन से बचाता है और आपके व्यायाम को और भी फायदेमंद बनाता है.

# पलक तिवारी की लेटेस्ट फोटोशूट ने इंटरनेट पर लगाई आग



बॉलीवुड एक्ट्रेस पलक तिवारी को इंडस्ट्री में भले ही ज्यादा टाइम न बीता हो, लेकिन ग्लैमर वर्ल्ड के तौर तरीके वह अच्छी तरह से जानती हैं। स्लिम और सिजलिंग पलक तिवारी खूबसूरती में बढ़ी से बढ़ी एक्ट्रेस को मात देती हैं। पलक ने सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान से हिंदी सिनेमा में डेब्यू किया। मूवी को बॉक्स ऑफिस पर भले ही अच्छा रिस्पांस न मिला हो, लेकिन पलक की परफॉर्मेंस को काफी सराहा गया। श्वेता तिवारी की बेटी होने के कारण पलक को इंडस्ट्री के दांव पेंच शुरू से पता हैं। पलक तिवारी ने कम काम किया है, लेकिन जितना भी किया उन्हें उस परफॉर्मेंस के लिए तारीफ मिली है। उन्होंने साबित किया है कि वह ब्यूटी और टैलेंट में बिलकुल अपनी मां की तरह हैं। पलक की लेटेस्ट फोटोज सोशल मीडिया पर धड़ल्ले से वायरल हो रही हैं। ग्रे शिमरी जींस, टॉप और जैकेट में पलक ने कातिलाना फोटोशूट कराए हैं, जिसे देखने के बाद फैंस उन्हें एक टक निहारने को मजबूर हैं। कभी साइड पोज, तो कभी सिडक्टिव स्टाइल में पलक तिवारी ने कुछ ऐसी तस्वीरें खिंचवाई हैं कि देखने वाले बस देखते रह जाएं।

हॉटनेस से भरी पलक की फोटोज देख लोगों ने उन्हें स्टनिंग एक्ट्रेस बताया है। एक फैन ने कमेंट किया, बिलकुल अपनी मां जैसी लग रही हैं। एक यूजर ने कहा कि पलक तिवारी हर तरह से फिट लगती हैं।

# मैं भारत गोरी लड़की की भूमिकाएं करने नहीं रूढ़िवादिता तोड़ने आई हूं:नोरा फतेही



**अभिनेत्री नोरा फतेही इन दिनों बड़े-बड़े खुलासे कर रही हैं। बीते दिनों उन्होंने बॉलीवुड पर जमकर निशाना साधा।हाल ही में उन्होंने कहा था कि बॉलीवुड की ज्यादातर जोड़ियों ने प्यार के लिए नहीं, बल्कि पैसों के लिए शादी की है। उन्होंने बिना नाम लिए कई सितारों पर निशाना साधा था।नोरा इन दिनों फिल्म मडगांव एक्सप्रेस को लेकर चर्चा में हैं।**

हाल ही में उन्होंने अपनी पेशवर जिंगदगी पर खुलकर बात की।नोरा ने कहा, मुझे लगता है कि मैं एक्टिंग, गायन या डांस चाहे किसी भी क्षेत्र में क्यों न हूं, मेरा सम्मान किया जाए। चाहे फिर मैं कोई शो ही क्यों न जज करूं। मैं हमेशा चाहती थी कि मेरी सराहना की जाए।उन्होंने कहा, मडगांव एक्सप्रेस के बाद मेरे करियर में निश्चित रूप से बदलाव आया है। 3 शानदार अभिनेताओं के बीच समीक्षकों की तारीफ मिलना मेरे लिए किसी भी पुरस्कार से कहीं बढ़कर है।

नोरा बोलीं, मैंने हिंदी सीखने में बड़ी मेहनत की है, इसलिए मैं विदेशी भूमिकाओं से दूर रही। मैं भारत गोरी लड़की की भूमिकाएं करने नहीं, बल्कि रूढ़िवादिता तोड़ने के लिए आई हूं।क्या इंडस्ट्री का उनके प्रति नजरिया बदला, इस पर नोरा ने कहा, यह इतनी जल्दी नहीं होगा। वे जानते हैं कि मैं एक बहुआयामी व्यक्ति हूं और अलग-अलग चीजें करती हूं। बातें चल रही हैं कि लोग अब मुझे और काम देने के बारे में सोच रहे हैं।

नोरा कहती हैं, कनाडा से भारत आना मेरे लिए बेहद चुनौतीपूर्ण रहा।

हिंदी तो भूल जाइए। मैं तब बॉलीवुड के बारे में कुछ भी नहीं जानती थी।वह बोली, मैं महज 20 साल की थी, जो मायानगरी मुंबई में अपनी जिंदगी जीने की कोशिश कर रही थी। मेरा कोई बॉयफ्रेंड या इंडस्ट्री से कोई पहचान का नहीं था। मुझे बहुत समय लगा। कई बार मैं हैरान रह गई। मुझे उन एजेंसियों से निपटना पड़ा, जो विदेशियों का शोषण करती हैं।

नोरा साउथ की फिल्मों में हमेशा मेहमान भूमिका में ही दिखी हैं।

हालांकि, अब वह दक्षिण भारतीय सिनेमा में धमाल मचाने के लिए तैयार हैं।उन्हें साउथ के मशहूर अभिनेता वरुण तेज की तेलुगु फिल्म मटका में देखा जाएगा। इसमें भी उनकी भूमिका शानदार होगी। इसके जरिए नोरा ने तेलुगु सिनेमा में कदम रखा है। करुणा कुमार के निर्देशन में बन रही यह 1960 के दशक पर आधारित एक पीरियड ड्रामा फिल्म होगी।इसमें उनका एक डांस नंबर भी होगा।

## इंडियन 2 का नया पोस्टर हुआ आउट, सेनापति के किरदार में नजर आए साउथ सुपरस्टार कमल हासन



साउथ सिनेमा के सुपरस्टार कमल हासन बहुत जल्द अपनी नई फिल्म 'इंडियन 2' लेकर आ रहे हैं. इसे मशहूर फिल्ममेकर एस शंकर बन रहे हैं. अब मेकर्स ने 'इंडियन 2' का धांसू पोस्टर जारी कर दिया, जो सोशल मीडिया पर आग की तरह वायरल हो रहा है. इसके साथ ही यह भी बताया गया कि कमल हासन की 'इंडियन 2' इस साल किस महीने सिनेमाघरों मे दस्तक देगी.लायका प्रोडक्शंस ने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म 'इंडियन 2' के नए पोस्टर की झलक दिखाई है, जिनमें अलग-अलग भाषाओं में फिल्मों के टाइटल्स के भी जिक्र हैं. तमिल और दूसरी क्षेत्रीय भाषाओं में कमल हासन की फिल्म 'इंडियन 2' नाम से रिलीज होगी. वहीं, हिंदी और तेलुगु वर्जन में मूवी का नाम 'हिंदुस्तानी 2' और भारतीयुडु 2 होगा.पोस्टर में देखा जा सकता है कि कमल हासन दमदार लुक में नजर आ रहे हैं. एक लुक में उन्होंने व्हाइट सूट पहना है, तो दूसरे लुक में उन्हें नेताजी सुभाष चंद्र बोस के आजाद हिंद फौज की यूनिफॉर्म में देखा सकता है. यह पोस्टर पुथंडु, तमिल के नए साल के मौके पर रिलीज हुए हैं. यह मूवी इस साल जून में थिएटर्स में दस्तक देगी. 'इंडियन 2' में कमल हासन एक बार फिर सेनापति बनकर तहलका मचाते हुए नजर आएंगे.मालूम हो कि 'इंडियन 2' साल 1996 में रिलीज हुई कमल हासन की फिल्म 'इंडियन' का सीक्वल है. इस मूवी को ऑडियंस ने खूब पसंद किया था और यह बॉक्स ऑफिस पर कमाई करने के मामले में बड़ी सफल साबित थी.

## शब्द सामर्थ्य -028

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**

1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**

1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुसबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सवेरा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 027 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | | प | स | | |
| जा | त | | थ | प | थ | पा | ना | |
| य | र | का | नी | | भ | | र | श्मि |
| ब | घा | र | | क | ष्ट | प्र | द | |
| | त | ना | त | नी | | र्व | | ब |
| अ | | मा | | ज | मा | त | | ल |
| स | जा | | | | | क | ज | रा |
| बा | | बे | स | हा | रा | | ग | म |
| ब | गु | ला | | रा | ज | दू | त | |

## तमन्ना भाटिया की हॉरर-कॉमेडी अरनमनई 4 का जारी हुआ ट्रेलर, इस दिन रिलीज होगी फिल्म



साउथ सिनेमा की मोस्ट पॉपुलर फ्रेंचाइजी अरनमनई के चौथे पार्ट का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. जबसे इसकी घोषणा हुई है ये हॉरर कॉमेडी फिल्म चर्चा में बनी हुई है. वहीं अब फैंस के एक्साइटमेंट को दोगुना करने के लिए मेकर्स ने फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया है. अरनमनई 4 आने वाली 26 अप्रैल को रिलीज होगीफिल्म का ट्रेलर काफा शानदार है, जिसे दर्शकों की तरफ से पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिल रहे हैं. ट्रेलर में तमन्ना भाटिया का दमदार रोल में नदर आ रही हैं. बता दें कि अरनमनई 4 को सुंदर सी ने डायरेक्ट किया है और अवनि सिनेमैक्स के बैनर तले खुशबू सुंदर ने इसे प्रोड्यूस किया है. फिल्म में सुंदर, राशि खन्ना, संतोष प्रताप और कई एक्टर्स अहम भूमिकाओं में हैं. वहीं अरनमनई 4 के अलावा, तमन्ना के पास और भी फिल्में पाइपलाइन में हैं. एक्ट्रेस बहुत जल्द जॉन अब्राहम की फिल्म वेदा में नजर आने वाली हैं. हाल ही में इस एक्शन थ्रिलर फिल्म का टीजर सामने आया था जिसमें जॉन अब्राहम फूल ऑन एक्शन मोड में दिखाई दिए. बता दें कि ये फिल्म 12 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. इसके अलावा तमन्ना तेलुगु में ओडेला2 में भी दिखाई देंगी. इन दिनों वो फिल्म की शूटिंग में व्यस्त चल रही हैं. फिल्म में तमन्ना के अलावा हेबा पटेल और वशिष्ठ एन. सिम्हा भी अहम किरदारों में नजर आएंगे. बता दें ओडेला 2 का निर्देशन अशोक तेजा कर रहे हैं. इसका पहला पार्ट सुपरहिट साबित हुआ था.

# सभी वर्गों को ध्यान में रख घोषणापत्र तैयार किया है भाजपा नेः श्याम बिहारी

## विकसित भारत के लिए मोदी की गारंटी साबित होगी मील का पत्थर

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिस तरह विधानसभा चुनाव 2023 के लिए जारी मोदी की गारंटी जो 100 दिन के छत्तीसगढ़ भाजपा सरकार के कार्यकाल में सफलता पूर्वक पूरी हुई और मोदी की गारंटी पर लोगों का विश्वास हुआ अटल। आज उसी की तर्ज पर लोकसभा चुनाव 2024 के लिए आगामी 5 वर्षों में पूरी की जाने वाली मोदी की गारंटी और भाजपा का संकल्प पत्र जारी किया गया है जिस संबंध में आज दिनांक 15 अप्रैल को कोरिया जिले के बैकुंठपुर भाजपा कार्यालय में प्रदेश के स्वास्थ मंत्री माननीय श्याम बिहारी जायसवाल ने भाजपा के संकल्प पत्र मोदी की गारंटी 2024 के विषय में प्रेसवार्ता आयोजित कर जानकारी देते हुए बताया की

भारतीय जनता पार्टी का संकल्प पत्र 76 पन्नों का है। घोषणा-पत्र समिति को करीब 15 लाख सुझाव मिले हैं। इसमें नमो एप से चार लाख और वीडियो से 10 लाख सुझाव मिले हैं । संकल्प पत्र को 24 समूहों में बाँटा है। 10 सोशल ग्रुप में गरीब, युवा, मध्यम वर्ग, मछुआरे, वंचित वर्ग, सीनियर सिटीजन, पिछड़े एवं कमजोर वर्ग शामिल हैं। वहीं, गवर्नेंस को 14 सेक्टर में बाँटा गया है । इनमें भारत के अन्य देशों से संबंध, आंतरिक एवं बाहरी सुरक्षा, समृद्ध भारत, ईज ऑफ लिविंग, विरासत का विकास, गुड गवर्नेंस, सुशासन, स्वस्थ भारत, शिक्षा, खेल, सभी सेक्टर्स का विकास, इनोवेशन और टेक्नोलॉजी और पर्यावरण को रखा है । पूरे देश ने इस बात को माना है कि मोदी की गारंटी, यानी गारंटी के पूरे होने की गारंटी। भाजपा जो कहती है, उसे तो पूरा करती ही है और जो नहीं भी कहती है लेकिन जनता के हित में यदि वे जरूरी होते हैं, तो उसे भी पूरा करके दिखाती है । आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में पेश किए जाने वाला संकल्प पत्र विकसित भारत की ओर लंबी छलांग लगाने वाला है। आज देश की जनता को विश्वास है कि यदि मोदी की गारंटी है तो यह पूरा होकर रहेगा । आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 और 2019 में प्राप्त पूर्ण बहुमत को गांव, गरीब, वंचित, दलित, महिला, युवा और किसान को समर्पित किया। उनके शरीर का कण-कण और जीवन का क्षण-क्षण राष्ट्र का विकास और गरीब कल्याण के प्रति समर्पित है । डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने 1952 में जिस विचार को साझा किया और पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी ने आगे बढ़ाया, भारतीय जनता पार्टी का संकल्प पत्र उसी वैचारिक अधिष्ठान का पर्याय है । भाजपा का संकल्प पत्र एनडीए सरकार की उपलब्धियों का एक व्यापक अवलोकन प्रदान करता है और 2047 तक एक विकसित भारत के निर्माण का दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है । ये संकल्प पत्र विकसित भारत के 4 मज़बूत स्तंभ- युवा शक्ति, नारीशक्ति, किसान और गरीब, सभी को सशक्त करता है। एक तरफ हमने कई सारे इन्फ्रास्ट्रक्बर निर्माण से बड़ी संख्या में रोज़गार बनाने की बात की है। दूसरी तरफ़ हम स्टार्टअप और ग्लोबल सेंटर्स को बढ़ावा देकर







हाई वैल्यू सर्विसेज़ पर भी ध्यान देने जा रहे हैं। हम ये सुनिश्चित करेंगे कि गरीब के भोजन की थाली पोषण युक्त हो, उसके मन को संतोष देने वाली हो और अफोर्डेबल हो- सस्ती हो। मोदी की गारंटी है कि मुफ्त राशन की योजना आने वाले 5 साल तक जारी रहेगी।अब भाजपा ने संकल्प लिया है कि 70 वर्ष की आयु से ऊपर के हर बुजुर्ग को आयुष्मान योजना के दायरे में लाया जाएगा। 70 साल के ऊपर के हर बुजुर्ग, चाहे वो गरीब हों, मध्यम वर्ग के हों या फिर उच्च मध्यम वर्ग ही क्यों ना हों, उन्हें 5 लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। जिनको किसी ने नहीं पूछा, उनको मोदी पूजता है। यही सबका साथ, सबका विकास का भाव है और यही भाजपा के संकल्प पत्र की आत्मा भी है। पिछले 10 वर्ष नारी गरिमा, नारी को नए अवसरों को समर्पित रहे हैं। आने वाले 5 वर्ष नारीशक्ति की नई भागीदारी के होंगे।भाजपा का संकल्प, भारत को फूड प्रोसेसिंग हब बनाने का है। इससे वैल्यू एडीशन होगा, किसान का फायदा बढ़ेगा और रोजगार के नए अवसर भी बनेंगे। ये फूड प्रोसेसिंग प्लांट्स, रूरल इकॉनॉमी के नए ग्रोथ इंजन बनेंगे। भाजपा, विकास भी और विरासत भी के मंत्र पर विश्वास करती है। हम पूरी दुनिया में तिरुवल्लूर कल्चरल सेंटर्स का निर्माण करेंगे। दुनिया की सबसे पुरानी भाषा तमिल हमारा गौरव है। तमिल भाषा की वैश्विक प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए भाजपा हर प्रयत्न करेगी। हमारे देश में टूरिज्म के पोटेंशियल को अनलॉक किया जाना बाकी है। भाजपा द्वारा विश्व प्रवासी- ग्लोबल टूरिस्ट्स को हमारी विरासत से जोड़ा जाएगा और इस विरासत को हम वर्ल्ड हेरिटेज से जोड़ेंगे। 21वीं सदी के भारत की बुनियाद, भाजपा तीन तरह के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत कर रही है। पहला है- सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर। दूसरा है- फिजिकल इंफ्रास्ट्रक्चर।तीसरा है-डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर। हमारे देश में अर्बनाइजेशन को पहले की सरकारें चुनौती माना करती थीं। भाजपा इसे अवसर के रूप में देखती है। हम देश में नए-नए सैटलाइट टाउन्स बनाएंगे जो देश के विकास का ग्रोथ सेंटर बनेंगे, रोजगार के नए अवसर बनाएंगे। भारतीय जनता पार्टी देशहित में बड़े और कड़े निर्णय लेने से कभी पीछे नहीं हटती। हमारे लिए दल से बड़ा देश है। नारीशक्ति वंदन अधिनियम अब कानून बन चुका है। हमारी सरकार ने धारा 370 हटाया और हम सीएए लेकर आए। भ्रष्टाचार के खिलाफ कानूनों का सख्ती से पालन करेंगे। वन नेशन वन इलेक्शन लागू करेंगे। सभी स्तर के चुनाव के लिए कॉमन इलेक्टोरल रोल का प्रावधान करेंगे। इसमें कहा है कि नॉर्थ ईस्ट में शांति स्थापित करने और अफस्पा को चरणबद्ध तरीके से हटाने के लिए प्रयासों को जारी रखेंगे। नॉर्थ ईस्ट को एक्ट ईस्ट पॉलिसी का एक अहम भागीदार बनाएंगे।

संविधान के अनुच्छेद 44 में समान नागरिक संहिता को राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों में से एक के रूप में माना गया है। जब तक भारत एक समान नागरिक संहिता नहीं अपनाता है, जो सभी महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करती है, तब तक लैंगिक समानता नहीं हो सकती है। एक समान नागरिक संहिता बनाने के लिए अपने रुख को दोहराती है, जिसमें सर्वोत्तम परंपराओं को शामिल किया जाएगा और उन्हें आधुनिक समय के साथ जोड़ा जाएगा।

2025 में जनजातीय गौरव दिवस। विश्वभर में संत तिरुवल्लुवर केंद्र । तमिल भाषा को बढ़ावा दिया जाएगा । मोदी की गारंटी और भाजपा के संकल्प पत्र 2024 के प्रेसवार्ता में स्वास्थ मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल,जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल,महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री विभा अवस्थी,जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण राजवाड़े, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, विनोद साहू,जिला संवाद प्रमुख विमल कांत गुप्ता, अरशद खान सहित पत्रकार गण शामिल रहे।



## कलेक्टर ने संगवारी, दिव्यांग एवं युवा मतदान दलों के प्रशिक्षण का लिया जायजा

**कोरिया बैकुंठपुर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में महिला, दिव्यांग एवं युवा मतदान दलों की भागीदारी सुनिश्चित करने जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा विशेष पहल की जा रही है। इसके तहत 10 संगवारी मतदान केन्द्रों में सिर्फ महिला मतदान दल एवं 1-1 मतदान केन्द्रों में दिव्यांग एवं युवा मतदान दलों द्वारा आगामी 7 मई को मतदान कराया जाएगा। मतदान प्रक्रिया के लिए सभी महिला मतदान दलों को जिला पंचायत के ऑडिओरियम में एवं दिव्यांग व युवा मतदान दलों को सभाकक्ष में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने प्रशिक्षण का अवलोकन किया एवं मतदान प्रक्रिया से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने महिला, दिव्यांग एवं युवा मतदान दलों को मतदान प्रक्रिया की बारिकियों को ध्यान से समझने और किसी भी तरह की शंका होने पर निःसंकोच उसका समाधान कराने कहा। कलेक्टर ने मतदान दलों को निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार मतदान प्रक्रिया को ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करते हुए निष्पक्ष एवं सफलता पूर्वक निर्वाचन संपन्न कराने को कहा। कलेक्टर ने मतदान दलों को प्रत्येक मतदान अधिकारी के कार्यों-मतदाता सूची चिन्हित प्रति से मिलान, मतदाता पर्ची, अमिट स्याही, मतदाता रजिस्टर में हस्ताक्षर, पर्ची जमा कर वैलेट जारी करने तथा मतदान कंपार्टमेंट में मत डालने की प्रक्रिया से व्यवहारिक रूप से अवगत कराया और बेहतर कार्य संपादन के लिए शुभकामनाएं दी। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता, स्वीप के नोडल अधिकारी के.के गुप्ता रहें।

# लोकतंत्र के पर्व में आहूति देने योग साधकों का संकल्प



**मनेंद्रगढ़।** विदित हो की 7 मई को जिले में लोकसभा निर्वाचन हेतु मतदान किया जाना है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी.राहुल वेंकट के मार्गदर्शन में जिला मतदाता जागरूकता हेतु विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन गांव नगर कस्बों मजरा टोला में किए जा रहे है। इसी क्रम में शहर के प्रचलित योगा समूह जो की सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल प्रांगण में नियमित रूप से प्रातः काल स्वस्थ जीवन हेतु किया जाता है इसी समूह के सदस्यों के द्वारा योग समाप्ति पश्चात स्वस्थ समाज एवं समृद्ध देश हेतु मतदान करने एवं ज्यादा से ज्यादा मतदान कराने हेतु शपथ ली गयी। योग प्रशिक्षक श्री सतीश उपाध्याय ने समाज को यह संदेश दिया की मनुष्य जीवन और स्वस्थ जीवन समृद्धि का निर्माण करते है ठीक उसी प्रकार एक-एक मतदाता बिना प्रलोभन, भय एवं धर्म वंश जाति भाषा से प्रभावित हुए बिना जब स्वच्छ मतदान करता है, तब समृद्ध और विकसित राष्ट्र की परिकल्पना साकार रूप लेती है।

प्रशिक्षक सतीश उपाध्याय ने कहा नए मतदाता जो भी अपनी अंगुली में वोट करने के बाद अपनी उंगली में अमिट स्याही देखायेंगे उन्हें निशुल्क योग प्रशिक्षण प्रदाय किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक सतीश उपाध्याय, जिला स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के जिला समन्यक राजेश जैन के साथ कविता मगतानी, बलबीर कौर, नीलम दुबे, राकेश अग्रवाल के साथ बड़ी संख्या में महिला पुरुष योग कर्ता उपस्थित रहे।

## चाकू लेकर लोगों को धमकाते तीन युवक गिरफ्तार

**रायपुर।** आगामी लोक सभा 2024 को मद्देनजर रखते हुए लोक चुनाव शांतिपूर्ण,निर्विघ्न, निष्पक्ष संपन्न कराने पुलिस अधीक्षक महोदय श्री आंजनेय वार्ष्णेय द्वारा असामाजिक तत्वों,गुंडा बदमाशों, चाकू बाजों के विरुद्ध कार्यवाही करने सभी थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं। इसी तारतम्य में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली धमतरी को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुआ जिस पर कोतवाली थाना स्टॉफ द्वारा तश्दीकी कार्यवाही हेतु रवाना होकर मकई चौक स्थित चौपाटी पहुँचे कि आरोपीगण द्वारा अपने-अपने हाथ में धारदार हथियार चाकू लेकर लहराते हुए आम लोगों को डरा धमका रहे थे जो पुलिस को देखकर भागने लगे जिन्हे घेराबंदी कर पकड़ा गया जिन्हे गवाहों के समक्ष विधिवत गिरफ्तार कर थाना सिटी कोतवाली में अपराध पंजीबद्ध किया गया। पकड़े गए आरोपियों में अजीत सोना पिता राहुल सोना उम्र 23 वर्ष सा0 जालमपुर स्वीपर कालोनी धमतरी, राहुल उर्फ रोहित सोना उम्र 23 वर्ष सा0 जालमपुर धमतरी, रूपेश उर्फ रूप्पू कोसरिया पिता चन्द्रहास कोसरिया उम्र 19 वर्ष सा0 महंत घासीदास वार्ड जालमपुर धमतरी शामिल हैं।

## जूर गांव में पानी के बहाने इमाम ने महिला से दुष्कर्म किया, जुर्म दर्ज

**सूरजपुर।** बसदेई चौकी इलाके के जूर गांव की मस्जिद के इमाम द्वारा अपने ही समाज की एक 26 वर्षीय महिला के घर में घुसकर धमकाते हुए उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में कोतवाली पुलिस ने आरोपित इमाम के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर दिया। आरोपित इमाम घटना के बाद से फरार है। उक्ताशय की रिपोर्ट सोमवार को पीड़ित 26 वर्षीय महिला ने कोतवाली थाने में दर्ज कराई है। बताया गया कि आरोपित गुलाम गौस जूर गांव स्थित एक मस्जिद में इमाम था। पीड़ित युवती के मुताबिक वह दस अप्रैल की देर शाम घर मे अकेली थी। उसी दौरान इमाम गुलाम गौस ने उसके घर का दरवाजा खटखटाया और दरवाजा खोलने पर उसके पति का पूछते हुए घर में घुस आया। उसने बताया कि उसके पति घर में नही है। इस पर उसने पानी मांगा। पानी लेकर आने पर उसने उसका हाथ पकड़ लिया। इसका विरोध करने पर उसने कहा कि शोर मचाओगी तो बदनाम कर दूंगा और पति को मरवा दूंगा। उसके बाद उसने घर का दरवाजा बंद कर उसके साथ दुष्कर्म कर दिया। घटना के बाद महिला की तबियत बिगड़ गई और वह गुमसुम हो गई। पति के पूछने पर सोमवार को उसने घटना की सच्चाई आने पति को बताई। पीड़ित महिला की रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने आरोपित इमाम गुलाम गौस के विरुद्ध धारा 376, 342, 458, 506 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। फरार आरोपित इमाम की पुलिस ने तलाश शुरू कर दी है।

## अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने प्रशासन सतर्क

**बलरामपुर।** जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने बताया है कि कलेक्टर रिमिजियुस एक्का के निर्देशन में जिला प्रशासन बाल विवाह को रोकने के लिए सतर्क है। 10 मई को अक्षय तृतीया है, इस दिवस को बड़ी संख्या में विवाह सम्पन्न होते हैं। विशेष रूप से अक्षय तृतीया को निगरानी रखने की आवश्यकता है कि जिले में कही भी बाल विवाह न हो इसके लिए जिले वासियों से जिला प्रशासन का अनुरोध है कि विवाह पूर्व विवाह की निर्धारित आयु का सत्यापन अनिवार्य रूप से कर ले। लड़के की उम्र 21 वर्ष तथा लड़की की उम्र 18 वर्ष पूर्ण हो चुका हैं, इसके उपरान्त ही विवाह सम्पन्न करें।

## 2.5 लाख मतदाताओं से मिले स्वीप संगी





**मनेन्द्रगढ़।** जिला स्वीप टीम की अगुवाई में 233 ग्राम पंचायतों एवं 4 नगरीय निकायों में स्वीप संगी बनकर ग्राम स्वीप समिति, स्व सहायता समूह एवं महिला एवं बाल विकास की महिलाएं ने मतदाताओं से मिलकर 85.वरिष्ठ नागरिक मतदाता हेतु निःशुल्क परिवहन सुविधा की जानकारी दी एवं पोलिंग बूथों में की जा रही पानी, छांव, व्हीलचेयर, जैसी बुनियादी सुविधाओं के बारे में दीवार लेखन कर, रैली निकाल कर पारा, मुहल्ला, वार्ड, गांव में बताने का प्रयास किया। स्वीप समिति के द्वारा सार्वजनिक स्थलों में कार्यक्रम के माध्यम से तकरीबन 2.5 लाख मतदाताओं से मिलकर लोकसभा निर्वाचन 7 मई 2024 को निर्भीकता के साथ मताधिकार का सदुपयोग करने का आह्वान किया गया। 18 मार्च से निरंतर जगह-जगह मतदाता जागरूकता की अलख शासकीय अमलों के साथ साथ पेट्रोल पंप व्यवसायियों, युवाओं, सार्वजनिक ट्रांसपोर्टर, सी.एस.सी. संचालकों, के द्वारा मतदाता जागरूकता बैनर लगा कर किया जा रहा है। चाहे बस में सफर करने वाला व्यक्ति हो या मोटर कार में डीजल पेट्रोल लेने वाला व्यक्ति, अस्पताल में जाने वाला मरीज को भी पंजीयन पर्ची में लिखकर जिला प्रशासन लोकसभा निर्वाचन के बारे में जागरूक करने का प्रयास कर रही है।

## राज्य के कुछ जिलों में हल्की वर्षा के आसार

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ में लगातार मौसम में हो रहे बदलाव के बीच प्रदेश के कुछ जिलों में हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गई। लगातार हुई बारिश के चलते मौसम में बदलाव के साथ तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है।

मौसम में बदलाव के चलते प्रदेश के लोगों को अप्रैल महीने में भी ठंडी का एहसास हो रहा था। वहीं मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जिलों में बारिश होने की संभावना जताई है। बात करें राजधानी रायपुर की तो रायपुर में मौसम सामान्य है और लोगों को सुबह हल्की ठंड के बाद भीषण गर्मी का एहसास लोगों को हो रहा हैं। मौसम विभाग ने राजधानी रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, बलौदा बाजार,भिलाई, बलरामपुर, बस्तर, जगदलपुर, भाटापारा, बिलासपुर, मुंगेली, सूरजपुर, दंतेवाड़ा समेत अन्य कई जिलों में बारिश होने की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के कई जिलों में तेज आंधी तूफ़ान के साथ बारिश होगी।

## कार दुर्घटना में बरियों के युवा व्यवसायी की मौत, रात भर कार में ही पड़ा रहा शव



**रामानुजंगज।** अंबिकापुर-रामानुजंगज राष्ट्रीय राजमार्ग पर शहर सीमा के समीप रविवार रात सड़क दुर्घटना में बरियों के व्यवसायी मणिदीप जायसवाल (40) की मौत हो गई। व्यवसायी मणिदीप देर रात अंबिकापुर से कार से बरियों वापस लौट रहे थे। शंकरघाट के समीप कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। क्षतिग्रस्त कार में मणिदीप जायसवाल रात भर फंसे रहे। सुबह लोगों को घटना का पता चला। कार में उनका शव पड़ा था। जानकारी के अनुसार मणिदीप जायसवाल, बरियों के बड़े व्यवसायी सच्चिदानंद जायसवाल के पुत्र थे। उनका बरियों में किराना,हार्डवेयर, कृषि आदान सामग्री की दुकान है। वे क्रशर का भी संचालन करते थे। व्यवसायिक कार्य के कारण अंबिकापुर आना-जाना लगा रहता था। रविवार को अपने कार से व्यवसायिक कार्य के लिए अंबिकापुर आए थे। काम निपटाकर देर रात कार से ही बरियों स्थित घर वापस लौट रहे थे। अंबिकापुर की सीमा शंकरघाट मोड़ के पास कार अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। कार का सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इसी में व्यवसायी मणिदीप जायसवाल फंसे रहे। स्वजन पूरी रात परेशान रहे। स्वजन के पास मोबाइल फोन कर जानकारी लेते रहे। सोमवार सुबह दुर्घटनाग्रस्त कार में युवक की लाश देख लोगों ने पुलिस को सूचना दी थी। मौके पर पहुंची पुलिस की जांच में मृतक की पहचान हुई है। इसी पर पुलिस ने स्वजन को सूचना दी। घटना से बरियों में शोक की लहर है। मृतक मणिदीप कम उम्र में ही अपनी मेहनत से आगे बढ़ रहे थे। उनका छोटा भाई जितेंद्र जायसवाल (छोटू),बरियों क्षेत्र के भाजपा नेता है।

## माइक्रो आब्जर्व का प्रथम प्रशिक्षण सम्पन्न



**मनेंद्रगढ़।** आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के सुचारू संचालन के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसर चुनाव में कार्य के सफल संचालन के लिए आज माइक्रो आर्ब्जवरों की बैठक सह प्रशिक्षण का आयोजन जिला कार्यालय के सभा कक्ष में आहूत की गयी। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर गिरीश कुरचानिया, कांत लांजवाल तथा संजय श्रीवास्तव के द्वारा बताया गया कि समस्त माइक्रो आर्ब्जवर भारत निर्वाचन आयोग के प्रतिनिधि के रूप में कार्य करेंगे। मतदान दिवस के दिन मतदान केंद्रो के समस्त गतिविधियों का सूक्ष्म पर्यवेक्षण करेंगे। आर्ब्जवर जिला निर्वाचन के द्वारा नियुक्त जरूर किये जाते है, परन्तु वे सीधे और केवल पर्यवेक्षक के अधीन काम करते हैं और उन्हें ही रिर्पोट करते है। वे खुद को आवंटित मतदान केंद्र की प्रत्येक कार्यवाही पर नज़र रखते है और निर्धारित प्रारूप में इनका उल्लेख करते हुए अपने पर्यवेक्षक को प्रस्तुत करेंगे। उन्हें सामग्री वितरण केंद्र पर अपना प्रतिवेदन पर्यवेक्षक को सौपना चाहिए। यदि माईक्रो आर्ब्जवर को एक ही स्थान पर एक से अधिक मतदान केंद्र आवंटित हों तो उन्हें बारी बारी से सभी मतदान केन्द्रों पर घूमते रहना चाहिए और नज़र रखनी चाहिए। माइक्रो आर्ब्जवर को मॉक पोल का संचालन, मतदान प्रारंभ और बंद होने का समय, मतदाताओं के मतदान केंद्र में आने और जाने की व्यवस्था, मतदाता रजिस्टर की प्रविष्ठियां, मतदाताओं के पहचन की व्यवस्था, एएसडी की सूची, मतदाताओं द्वारा गोपनीयता का अनुपालन, मतदान अभिकर्ताओं की गतिविधियां, वे कुछ अवांछित न कर रहें हो, मतदान अभिकर्ताओं की शिकायते, यदि वे करते है। माइक्रो आर्ब्जवर को पूरी मतदान प्रक्रिया की निगरानी करनी होती है इसलिए उन्हें इस प्रक्रिया की गहरी जानकारी होना आवश्यक है। मतदान प्रक्रिया के विभिन्न पहलुओं की जानकारी, ईवीएम की कार्य प्रणाली की जानकारी होनी चाहिए।

## कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों दिये आवाश्यक दिशा निर्देश



**मनेंद्रगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी. राहुल वेंकट तथा पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह ने लोकसभा निर्वाचन 2024 को संपन्न कराने हेतु जनपद पंचायत भरतपुर के सभा कक्ष में दूरस्थ क्षेत्रों के सेक्टर अधिकारी सचिव, बीएलओ एवं अन्य अधिकारी कर्मचारियों सहित निर्वाचन कार्य में सुरक्षा के लिए तैनात सुरक्षा कर्मी तथा कोटवार की बैठक लेकर स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन कराने आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों को स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत मतदाता शपथ दिलाई।

# श्रीराम के जयकारे के साथ निकली शहर में भव्य शोभायात्रा

**अंबिकापुर।** चैत्र नवरात्र की सप्तमी तिथि को श्रीराम सेना ने भव्य शोभायात्रा निकाली। शाम पांच बजे नगर के गांधी चौक स्थिति दुर्गा मंदिर से यह शोभायात्रा कई धमाल पार्टियों के साथ आकर्षक व मनमोहक झांकियों के साथ निकली तो पूरा शहर थम गया। घर से निकलकर लोग अपनी छत से व दुकानों में परिवार सहित इस भव्य शोभायात्रा को देखने निकले। पुष्प वर्षा कर लोगों ने शोभायात्रा का स्वागत किया। विभिन्न समाज और संगठनों ने अलग-अलग स्थान पर पुष्प वर्षा की व्यवस्था की थी। राम भक्त युवाओं की इतनी भीड़ निकलीं की गांधी चौक से संगम चौक तक एक किलोमीटर दूरी तय करने में ढाई घंटे का समय लग गया। यही नहीं यह यात्रा संगम चौक से महामाया चौक होते हुए रात्रि नौ बजे के बाद मां महामाया मंदिर पहुंची।

आकर्षक झांकियों ने सबका मन मोह लिया। भगवान शिव, रामचंद्र, जानकी ,लक्ष्मण बजरंगबली सहित अन्य देवी देवताओं की जीवंत झांकियों ने लोगों अपनी ओर खींच लिया। डीजे की आवाज पर युवा श्री रामचंद्र व हनुमान जी के गीतों पर झूम रहे थे। कटप्पा व भूत प्रेत की काल्पनिक रूप व वेशभूषा की झांकी ने युवाओं को खूब आकर्षित किया। यह शोभा यात्रा अपरान्ह तीन बजे से निकलने वाली थी किंतु नामांकन रैलियों के कारण दो घंटे विलंब से शुरू हुई इसके बाद भी जोश, उत्साह और भक्ति भाव में कोई कमी नजर नहीं आई। प्रशासन व पुलिस की टीम भी पूरी तरह मुस्तैद थी।श्रीराम सेना से जुड़े युवाओं ने कई दिनों से इस भव्य शोभायात्रा की तैयारी की थी। शोभायात्रा के सफल आयोजन से युवाओं की मेहनत सफल हो गई। चुनाव आचार संहिता के समय यह शोभायात्रा निकालना एक चुनौती थी पर लोगों के श्रद्धा और आस्था के आगे



नियम ,कानून फीका पड़ता नजर आया। नगर के गांधी चौक से घड़ी चौक तक तोरण द्वार लगाया गया था। भगवा तोरण द्वार व भगवा सजावट से पूरा शहर आकर्षक लग रहा था। यातायात व्यवस्था को देखते हुए घड़ी चौक व महामाया चौक,संगम चौक पर तोरण द्वार को कुछ दिन पहले हटवाया गया था। चौराहे को छोड़कर तोरण लगाया गया। इस कारण यातायात व्यवस्था भी बाधित नहीं हुई।

## मुख्य मार्ग पर पहुंचा हाथियों का दल आवागमन बाधित

**कोरबा।** जिले के कटघोरा वन मंडल के केंदई रेंज में बड़ी संख्या में मौजूद हाथी तीन अलग-अलग झूंडो में विचरण कर रहे है। जहां 22 हाथियों का दल रेंज के कापा नवापारा में जमे हुए है। वहीं 18 हाथी लालपुर क्षेत्र में सक्रिय है जबकि पांच हाथी चोटिया क्षेत्र पहुंच गए है। पांच हाथियां का यह दल बीती रात चोटिया - चिरमिरी मुख्य मार्ग पर पहुंच गया था। हाथियो के मुख्यमार्ग पर पहुंचने के कारण अफरा-तफरी मच गयी और वाहनो की रफ्तार थम गई। आने जाने वाले लोग हाथियो की वजह से लगे जाम में फंसे रहे और सड़क के दोनो ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना मिलने पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी तत्काल मौके पर पहुंचे और मुख्य मार्ग पर मौजूद हाथियो को खदेडा । तब आवागमन सामान्य हुआ। और लोग अपने-अपने गंतव्य को रवाना हुए इस बीच सूरजपुर से आए लोनर हाथी का लोकेशन परला क्षेत्र में मिलने पर वन विभाग का अमला क्षेत्र में पहुंचकर लोनर की निगरानी में जुट गया है। इधर कोरबा वन मण्डल के गेराव क्षेत्र में दो हाथी अभी भी विचरण कर रहे है। वन विभाग के लिए राहत की बात है कि क्षेत्र में दो दिनों तक मौजूद रहने बावजूद हाथियो ने कोई नुकसान नही पहुंचाया है।

### कोरबा से पुरी जा रही बस अंगुल के पास भिड़ी रेत लोड हाइवा से

# अंतिम सफर साबित हुआ बस चालक और क्लीनर के लिए, हादसे में मौत

## अनेक यात्रियों को आईं गम्भीर चोटें

**कोरबा।** रेत के मनमाने परिवहन में लगे माफियाओं के वाहन मौत के कारण बन रहे हैं। लगातार इनकी वजह से हादसे हो रहे हैं। ऐसे ही एक हादसे में जगन्नाथ पुरी जा रही डॉल्फिन बस सर्विस की एक यात्री बस मंगलवार -सुबह दुर्घटना का शिकार हो गई। उसकी टक्कर रेत लोड हाइवा से हुई। घटना में बस चालक और क्लीनर की दर्दनााक मौत हो गई जबकि कई यात्रियों को गंभीर चोटें आई।

लंबे समय से कोरबा से पुरी के बीच संचालित हो रही डॉल्फीन ट्रेवल्र्स की यात्री बस सोमवार की शाम 5.30 बजे डॉ. श्याम प्रसाद मुखर्जी बस स्टैंड से रवाना हुई। पीक सीजन होने से बस की सभी सीटें बुक थीं। इसके लेकर जाने वाले चालक और एक क्लीनर को इस बात की कल्पना भी नहीं थी कि मंगलवार का दिन उनके लिए किसी तरह का होने वाला है। छत्तीसगढ़ पार करने और ओड़िसा के मार्ग पर कई घंटे चलने के बाद इन दोनों की जीवन यात्रा हमेशा के लिए थम गई जबकि ओड़िसा के अंगुल शहर के पास हादसे में इन दोनों की मौत हो गई। इस बस में सवार दर्री कोरबा के एक परिवार के सदस्य कमलेश साहू ने बताया कि ओड़िसा के अंगुल से लगभग 15 किलोमीटर दूर बस रेत परिवहन कर रहे ट्रक




से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस की केबिन चिपक गई और उसकी शक्ल बदल गई। बस चालक और उसके चालक साथी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं बस का हेल्पर किसी तरह केबिन से बाहर आया उसकी भी हालत गंभीर है ।

घटनास्थल पर पहुंचे कमलेश साहू ने बताया की बस में सवार कुछ लोगों को काफी चोट आई है अधिकांश लोगों के सर फूट गए हैं। कमलेश साहू ने बताया कि वह अंगुल में ही काम करते हैं। बस में सवार उनके परिजनों से उन्हें एक्सीडेंट के विषय में पता चला वह थोड़ी देर में ही घटनास्थल पहुंच गए. उनके अनुसार घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में कुछ लोग कोरबा जिले के हैं, जिनके बारे में प्रशासन की ओर से सम्मयक जानकारी ली जा रही है। इसके ओड़िसा प्रशासन से संपर्क किया गया है। हादसे में मृत चालक और सहयोगी के प्रति स्थानीय लोगों ने संवेदना जताई है।

### राहत राशि की घोषणा

अंगुल के पास बस दुर्घ्टना में मारे गए दो लोगों के परिवार के लिए ओड़िसा सरकार के द्वारा राहत राशि की घोषणा कर दी गई है। इसके साथ ही घटना में घायल सभी यात्रियों को बेहतर उपचार दिलाए जाने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए गए हैं। आज मामले की जानकारी पर अधिकारियां ने मौके जायजा लिा।

## कल कई स्थानों पर लगेगा भण्डारा

**कोरबा।** बांकीमोंगरा स्थित सिद्धदात्रि मंदिर में ज्योति कलश प्रजवल्लित किए गए है। कल नवंमी पर भण्डारा लगया जाएगा। जिसकी तैयारी अशोक अग्रवाल, सेवक राम अग्रवाल, गणेश पाली वाल, बबली शर्मा, कनहाई दादा, रामायण श्रीवास, शैलेन्द्र मिश्रा के द्वारा की जा रही है। चण्डी मंदिर में भी हवन के बाद भण्डारा होगा। जिसकी तैयारी प्रदीप अग्रवाल, राजू विश्वकर्मा, राक्ेश अग्रवाल, विनय अग्रवाल , पदुम यादव, द्वारा की जा रही है। पथरीपारा स्थित गुरूधाम में भी ज्योति कलश प्रज्जवलित किए गए है। यहां पर कल हवन के बाद भण्डारा होगा। कार्यक्रम की तैयारी अखिल बैस, आर.आस साहू, राधेलाल कर्ष,धनीराम साहू, घनश्याम बरेठ के द्वारा तैयारी की जा रही है।

## अनेक गांवों में जल स्तर गिरने से संकट

**कोरबा।** पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड में गर्मी का सीजन आने के साथ लोगों की परेशानी बढ़ गई है। कारण यह है कि वहां जल स्तर नीचे खिसक गया है। इस स्थिति में जल उपलब्धता मुश्किल भरी हो गई है। बताया गया कि इस प्रकार के मामले उन इलाकों में हैं जो एसईसीएल की खदान के नजदीक हैं। खनिज दोहन की प्रक्रिया से ऐसी मुश्किलें आ रही है।

## ज्योत्सना की नामांकन रैली में शामिल होने पहुंचे लोग

**कोरबा।** कोरबा लोकसभा की प्रत्याशी श्रीमती ज्योत्सना महंत की नामांकन रैली में आज सुबह से ही जन सैलाब उमड़ पड़ा। यहां डॉ. भीमराव ऑडिटोरियम में सुबह से ही लोगों का जमावड़ा जुटने लगा। जिसका नेतृत्व नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत समेत कांग्रेस के तमाम दिग्गज एवं आम आदमी पार्टी के नेताओं द्वारा रैली में शामिल होने के लिए लोगों से लगातार अपील दर अपील की जा रही है।

कोरबा में लोकसभा की प्रत्याशी श्रीमती महंत का आज सुबह नामांकन होना है। इसके लिए समय 1 बजे के बाद से मुहूर्त किया गया है। रैली में



शामिल होने के लिए सुबह से ही लोगों का जुटना शुरू हो गया है। इसमें डॉ. महंत के अलावा सक्ती से भी काफी संख्या में यहां कार्यकर्ता पहुंचे। कोरबा शहर क्षेत्र के अलावा कटघोरा, रामपुर, पाली तानाखार के साथ ही मरवाही के अलावा कोरिया एमसीबी जिले में पड़ने वाली तीनों विधानसभा क्षेत्रों के कार्यकर्ता भी यहां पहुंचे। आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष चंद्रकांत डिक्सेना के नेतृत्व में सैकड़ों समर्थक शामिल हुए।

## पदयात्रा कर देवी को चुनरी चढ़ाई



**कोरबा।** शिवसेना ठाकरे ने नवरात्र सप्तमी को पदयात्रा करने के साथ सर्वमंगला मंदिर पहुंचकर देवी को 301 मीटर लंबी चुनरी पूजा अर्चना के साथ समर्पित की। ध्यानचंद चौक से यात्रा शुरू हुई। आयोजन का यह 12वां वर्ष था। शुभारंभ के दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष रवि मेजरवार, मनीष अग्रवाल, रमेश श्रीवास, रामकुमार साहू ने पूजा अर्चना की। कोहड़िया वार्डवासियों ने यात्रा का स्वागत सत्कार कर प्रसाद वितरण किया। जिला चालक संघ ने सीएसईबी चौक पर और जिला सेन समाज की महिलाओं ने मंदिर परिसर में स्वागत किया। 400 से अधिक श्रद्धालुओं ने 11 किमी पदयात्रा में उपस्थिति दर्ज कराई। शेर बहादुर, दयाशंकर सिंह, विनय भारिया, सनत भारिया, कार्तिक साहू, सुरेश श्रीवास, राजेंद्र तारक, राधे विश्वकर्मा, प्रशांत निमजा, राजा केशरवानी, अनिता, राजू सोनी, राजकुमारी, दिलीप यादव सहित नागरिक शामिल थे।



कोरबा से भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय ने नामांकन का पहला सेट कलेक्टोरेट में जमा किया। इस दौरान उनके साथ मंत्री लखनलाल देवांगन और जिला भाजपाध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह उपस्थित थे।

## रामनवमी कल : अभिजीत मुहूर्त में होगा अवतरण

**कोरबा।** त्रेता युग के अवतार मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीरामचंद्र का प्राकट्य उत्सव रामनवमी बुधवार को मनाया जाएगा। मंदिरों में अभिजीत मुहूर्त में भगवान के जन्म के उपलक्ष्य में होने वाले कार्यक्रम के साक्षी बनने को लेकर लोगों में उत्साह है। उत्सव के लिए मंदिरों की साज-सज्जा की गई है।

चैत्र नवमी को मध्याह्न 12 बजे श्रीराम का प्राकट्य हुआ था। परंपरागत रूप से इस तिथि को उत्सव मनाने के लिए जिले में हर कहीं कार्यक्रम किये जा रहे हैं। बालकोनगर के राम मंदिर, सीतामणी में प्राचीन राम जानकी मंदिर, राम दरबार, सर्वेश्वर मंदिर, सप्तदेव मंदिर, हनुमानगढ़ी कटघोरा सहित राम कचहरी जैसे प्रमुख क्षेत्रों में इस उत्सव की खास तैयारी है। मंदिर प्रबंधन समितियों और हिंदू समाज ने मिलकर विराट स्तर पर इस उत्सव को मनाना तय किया है। बताया गया कि रामनवमी के



मद्देनजर राम मंदिरों की सजावट करने के साथ कई आयाम जुड़े हुए हैं। सुबह से अनुष्ठान का सिलसिला शुरू होगा। जबकि जन्मोत्सव के बाद महिलाएं बधाई व सोहर गीत प्रस्तुत करेंगीं। इसके बाद यहां देवता का श्रृंगार होगा। सभी मंदिरों में कमोबेश इसी क्रम में आयोजन होना है। पुरोहितों ने बताया कि त्रेता में भगवान के जन्म के समय सभी ग्रह-नक्षत्र अनुकूल हो गए थे। इसी के निर्वहन के साथ हिंदू कैलेंडर के हिसाब से रामनवमी पर ऐसे संयोग निर्मित हुए हैं।

### विहिप सहित संगठन कल निकालेंगे शोभायात्रा

रामनवमी के उपलक्ष्य में सामाजिक संगठनों की ओर से शोभायात्रा निकाला जाना सुनिश्चित किया गया है। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने सीएसईबी चौकी गायत्री मंदिर से बुधवार को कल दोपहर 3.30 बजे शोभायात्रा निकालना तय किया है जो सप्तदेव मंदिर तक जाएगी। इसमें कई झांकियां होंगी। दर्री में रामनवमी उत्सव समिति शोभायात्रा निकाल रही है। दीपका, बांकीमोंगरा और बालकोनगर क्षेत्र में भी इस तरह की तैयारी है।

## कोसगाई और चैतुरगढ़ समेत कई मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु

### हवन-पूजन आज और कल भी

**कोरबा।** चैत्र नवरात्र पर्व भक्ति और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। अष्टमी को जिले के कोसगाईगढ़ और चैतुरगढ़ सहित विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं की काफी उपस्थिति रही। कुछ स्थानों पर आज ही हवन-पूजन और कन्या भोज कराया गया। जबकि नवमी को भी कई स्थानों पर यह सिलसिला जारी रहेगा।

शक्ति पूजा से जुड़े चैत्र नवरात्र के समापन से पूर्व हर कहीं भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। विधान और परंपरा के तहत वनांचल कोसगाईगढ़ व चैतुरगढ़ के देवी मंदिरों में विशेष अनुष्ठान अष्टमी को हुआ। शहर से



लेकर ग्रामीण इलाकों के लोग यहां पहुंचे और पूजा अर्चना की। प्रबंधन समितियों की ओर से मौके पर जरूरी व्यवस्था की गई। कुछ स्थानों पर हवन-पूजन आज ही संपन्न हो गया। कल वहां जवारा व ज्योत विसर्जन होगा। जबकि नवरात्र के 9 दिन पूरे होने पर ही अधिकतम स्थानों पर हवन व कन्या पूजन की प्रक्रिया पूरी कराई जाएगी। इस दिवस भंडारा का आयोजन भी होना है। इसके लिए तैयारियां की जा रही है।

## अवैध कनेक्शन काटेगा सीएसईबी

**कोरबा।** बिजली वितरण कंपनी ने बुधवारी बाजार क्षेत्र में अवैध रूप से लिए गए बिजली कनेक्शनों को काटने अभियान चलाने की बात कही है। दो दिन के भीतर यहां यह कार्रवाई होगी। अधीक्षण अभियंता की जानकारी में मीडिया के द्वारा यह मामला लाया गया है।

### सुख-समृद्धि के लिए कामना



चैत्र नवरात्र पर कोयलांचल दीपका के एमडी कालोनी स्थित दीपेश्वरी मंदिर में सप्तमी को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। पूजा अर्चना के साथ भक्तों ने यहां देवी की आरती की और अपने साथ-साथ समाज की सुख-समृद्धि की कामना की।

## बाइक की ठोकर से वृद्ध की मौत

**कोरबा।** ग्राम बेला में बाइक की ठोकर से एक 65 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई,मामला बालको थाना क्षेत्र का है,जहां बीती रात करीब 9 बजे हादसा हुआ। बताया जा रहा है,कि मृतक बंधन सिंह अगरिया खाना खाकर अपने साथी के साथ सड़क किनारे बैठा हुआ था,इस दौरान एक नाबालिग बाइक के चालक ने उसे ठोकर मार दी,जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे लेकिन बच नहीं सका। मामले में मर्ग कायम कर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

***कोरबा।** एमपी नगर के दुर्गा मंदिर में आज शाम 6 बजे भजन-कीर्तन और आरती के बाद भक्तों को प्रसाद वितरण किया जाएगा।

## रामनवमी पर्व के लिए विशेष साज-सज्जा हुई दीपका में

**कोरबा।** भारतीय संस्कृति के हर रंग व हर रोम-रोम में आराध्य देव भगवान श्री राम समाए हुए हैं। कोयलांचल के राम भक्तों को रामनवमी का बड़ी बेसब्री से इंतजार था अब वह शुभ घड़ी कल 17 अप्रैल बुधवार को आ गई है जिसमे रामनवमी पर्व गेवरा दीपका के लगभग सभी देवालय मंदिरों में बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा।

वरिष्ठ भाजपा नेता द्वारिका शर्मा ने बताया कि दीपका के दोनो मुख्य मार्गो को झंडों व लाइटिंग से भगवामय करने के लिए रायपुर से स्पेशल आकर्षक लाइट को मंगाया गया है जो नगर के मुख्य चौक चौराहे पर लगाकर नगर की शोभा बढ़ा रही है ,साथ ही साथ दीपका बस्ती में मां समलाई मंदिर को भी आकर्षक लाइट के माध्यम से सजाया गया है जो की दीपका में आकर्षण का केंद्र बनी हुई है, एवं दीपेश्वरी मंदिर एवं अष्टभुजी मंदिर को विशेष तौर पर सजाया गया है जिसमे हिंदू संगठन की पूरी टीम का विशेष सहयोग रहा है।

# खुद काम पर नहीं आते रेडियोग्राफर, अपने एवज में बैठाया एक सहयोगी को और ले रहे पूरा वेतन वर्षों से

**कोरबा।** मनमाने कार्यों पर रोक लगाने के लिए सरकार प्रतिबद्धता जता रही है। इसके ठीक उल्टे पोड़ी उपरोड़ा सीएचसी में एक रेडियोग्राफर को बिना काम के वेतन दिया जा रहा है। इस मामले की शिकायत उच्चाधिकारियों से की गई है।

जानकारी मिली है कि शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पोंडी उपरोड़ा में स्वास्थ्य विभाग ने रेडियोग्राफर पद पर सुरजमनी नीलम को कई वर्ष से पदस्थ जरूर कर रखा है लेकिन अन्य कर्मियों और लोगों ने उसे नहीं देखा है। यह बात जरूर है कि रेडियोग्राफर को अपने काम का पूरा वेतन मिल रहा है। दावा किया गया कि नियमित




कर्मी ने व्यवस्था के अंतर्गत एक ट्रेनी लड़के को बैठा दिया है। उसका रिकार्ड में कोई उल्लेख नहीं है। पता चला है कि नियमित कर्मचारी महीने के आखिर में एक दिन प्रकट होकर पूरा हाजिरी लगा देती है ताकि उसका वेतन पत्रक बन सके। पूरे प्रकरण में सीएचसी के कुछ जिम्मेदार कर्मियों की सांठगांठ से इनकार नहीं किया जा सकता। सूत्र बताते हैं कि मामले में अस्पताल के लेखापाल हबीब खान की संलिप्तता स्वाभाविक है जो हर महीने मैडम को वेतन बनाकर देते आ रहे हैं। लेखापाल हबीब खान भी यहां कई वर्षों से पोड़ी उपरोड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जमे हुए है।

### बीएमओ और आरटीआई की जानकारी में भिन्नता

पोड़ी उपरोड़ा के खंड चिकित्सा अधिकारी दीपक सिंह कंवर से जानकारी ली गई तो सबसे पहले तो उन्हें अपने मातहत कर्मचारी का नाम तक याद नही आया। रेडियोग्राफर के नहीं आने के पीछे उन्होंने स्वास्थ्य का हवाला दिया। उनकी जगह उनका सहायक कर्मचारी ( असिस्टेन्ट ) वरुण कुमार उपस्थित रहता है और वरुण कुमार की नियुक्ति किस आधार पर हुई तो उन्होंने बताया कि वो भी शासकीय कर्मचारी है उसका वेतन शासन द्वारा किया जाता है। लेकिन सूचना के अधिकार में चाही गई जानकारी में उपस्थिति पंजीयक में कहीं पर भी वरुण कुमार का नाम अंकित नहीं है। सूचना के अधिकार से मिली जानकारी में कई ऐसे तथ्य सामने आए जो काफी चौकाने वाले हैं। रेडियोग्राफर ने उपस्थिति पंजी में नियम विरूद्ध रविवार और सरकारी छुट्टी को भी हस्ताक्षर किये हैं। जिससे फर्जीवाड़ा का पता चलता है।









स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com